卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐ॐ卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं, यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः। आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये।

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 232 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦2 जून 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## एग्जिट पोल: उत्तराखण्ड की पांचों सीटों पर फिर खिलेगा कमल



देहरादून(उद संवाददाता)। 18वीं लोकसभा के लिए सातों चरणों का मतदान सम्पन्न होने के बाद अब सबकी नजर चार जून को होने वाली मतगणना पर है। भाजपा, कांग्रेस सहित अन्य राजनीति दल और निर्दलीय प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत का दावा ठोक रहे हैं। एग्जिट पोल की बात मानें तो उत्तराखण्ड में बीजेपी को पांचों सीटों पर जीत मिल रही है। उत्तराखण्ड में पांचों सीटों पर 63 प्रत्याशियों के बीच चुनावी जंग है। विदित हो कि उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर सीटों पर प्रथम चरण में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ था। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत काफी कम दर्ज किया गया था। कम वोटिंग प्रतिशत ने सभी को चौंका दिया था। अब सातों चरण के मतदान सम्पन्न होने के बाद एग्जिट पोल में जहां केन्द्र में भाजपा की पुनः सरकार बनने का दावा किया जा रहा है वही उत्तराखण्ड में पांचों सीटों पर एक बार फिर भाजपा की जीत का भी आंकलन किया गया है। मतदान के बाद सामने आए एग्जिट पोल के अनुसार तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। विभिन्न न्यूज एजेंसियों द्वारा किए गए एग्जिट पोल के (शेष पृष्ठ सात पर)

## अरूणांचल में भाजपा और सिक्किम में एसकेएम का परचम

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।पूर्वोत्तर के दो राज्यों अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभा चुनाव के नतीजों जो रुझान आ रहे हैं उसके मुताबिक दोनों ही राज्यों में सत्तारूढ़ पार्टियों को भारी बहुमत की ओर बढ़ रही हैं। अरुणाचल प्रदेश में भाजपा और एनडीए अब तक 60 में से 44 सीटों पर आगे चल रही है। इसी तरह से सिक्किम में सत्तारूढ़ एसकेएम पार्टी को 32 में से 31 सीटों पर बढ़त मिल रही है। इस बीच, दोनों ही राज्यों में कार्यकर्ताओं ने खुशिया मनाना शुरू कर दिया है। दोपहर बाद दोनों ही राज्यों के मुख्यमंत्री राज्यपाल मिलेंगे। दोनों ही राज्यों में मुख्यमंत्री अपनी-अपनी सीट पर जीत गए हैं। 2019 के अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 41 सीटें जीतीं और पेमा खांडू फिर से मुख्यमंत्री बने। कांग्रेस ने केवल 4 सीटें जीतीं जबकि जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) और एनपीपी ने क्रमशः 7 और 5 सीटें जीतीं। इससे पहले 2014 के (शेष पृष्ठ सात पर)

## खेत में मामा भांजे की करंट लगने से मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता )। गत सायं दिनेशपुर के ग्राम चंडीपुर में खेत में काम करने के दौरान अचानक करंट लग जाने



से मामा भांजा की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौजूद लोगों से आवश्यक जानकारी ली और शव अपने कब्जे में



लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाये। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार ग्राम चंडीपुर निवासी 55 वर्षीय राजबिहारी राय पुत्र सुधी राय अपने मामा यहीं के निवासी 52 वर्षीय मनीपद मंडल पुत्र सन्यासी मंडल के साथ करनदीप के खेत में काम करते थे। किसी व्यक्ति द्वारा 112 पर काल कर पुलिस को सूचना दी गई कि करनदीप खेत में जंगली जानवारों से सुरक्षा के लिए खेत में तार लगाकर उसमें करंट छोड़ा (शेष पृष्ठ सात पर)

## तलवार से हमला कर युवक की हत्या

हरिद्वार (उद संवाददाता)। शाहपुर शीतलाखेड़ा में दो युवकों के विवाद में बीच बचाव कर रहे एक युवक की तलवार से गला रेत कर हत्या कर दी गई। हत्या की वारदात से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में भिजवाया है, जबकि घायलों को भी उपचार के लिए भेजा गया। पुलिस ने मृतक के भाई जसविंदर की तहरीर पर आरोपी युवक सरबजीत उर्फ गोलू के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना शनिवार देर रात की है।



शाहपुर शीतलाखेड़ा में मेले के दौरान सरबजीत उर्फ गोलू निवासी शाहपुर शीतलाखेड़ा व मोहित निवासी हरबंशवाला थाना बढ़ापुर जिला बिजनौर में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिस पर मोहित ने फोन कर मेला देखने आए रिश्तेदार रविंद्र उर्फ अमन निवासी चाणचक को अपने साथ झगड़ा होने की बात बताई और मौके पर बुला लिया। इस दौरान सरबजीत उर्फ गोलू मोहित पर तलवार से वार कर रहा था। रविंद्र उर्फ अमन ने दोनों में बीच बचाव करना चाहा। जिस पर सरबजीत उर्फ गोलू ने रविंद्र उर्फ अमन के गले पर तलवार से वार कर दिया। जिसमें अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर (शेष पृष्ठ सात पर)

## हत्यारोपी भाजयुमो नेता दीपक राठौर के खिलाफ रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्रांतर्गत मौहल्ला आजादनगर मे चाकू से ताबड़तोड हमला कर पिता की हत्या कर देने के मामले में मृतक के भांजे ने हत्यारोपी भाजयुमों नेता दीपक राठौर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस आरोपी को गत दिवस ही गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त खून से सना चाकू बरामद कर चुकी है। दर्ज (शेष पृष्ठ सात पर)

## भाजपा नेता की दबंगई,पार्टनर के घर पथराव और फायरिंग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। व्यवसाय में लेन देन को लेकर उपजे विवाद के चलते एक भाजपा नेता ने अपने परिवार व अन्य लोगों के साथ आधी रात को पार्टनर के घर जाकर दबंगई दिखाई। आरोप है कि इस दौरान पथराव किया गया और जाते जाते फायरिंग कर धमका भी गये। घटना की सूचना मिलने पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। मुकेश कुमार पुत्र स्व. गुलाब राय निवासी श्री कस्तूरी वाटिका, बिगवाडा, रूद्रपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने एक भाजपा नेता के साथ



पार्टनरी में व्यवसाय किया था। जिसके हिसाब को लेकर उसका उससे विवाद चल रहा था। पूर्व में पंचायत में मामला निपटा लिया गया था इसके बावजूद पार्टनर भाजपा नेता उससे व उसके परिवार से रंजिश रखता है। इसी रंजिश के चलते 1 जून को समय प्रातः 3 बजे वह अपनी पत्नी व अन्य 5-6 लोगो को साथ लेकर दो कार में सवार होकर उसके घर के बाहर आ गये तथा उसके घर में पत्थर फेकने लगे। मुकेश का कहना था कि (शेष पृष्ठ सात पर)

## पुलिसकर्मियों को वाहन से कुचलने की कोशिश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस काशीपुर मार्ग पर तेल मिल के समीप गश्त करते पुलिस कर्मियों को कार सवार तीन लोगों ने अपने वाहन से कुचलने की कोशिश की और वाहन मौके पर छोड़ फरार हो गये। इस घटना में एक पुलिसकर्मी को चोटें भी आई। पुलिस ने कार कब्जे में लेकर मामले की रपट दर्ज जानकारी के अनुसार उनि सुरेन्द्र रिंगवाल साथी पुलिस कर्मियों कानि. ललित कुमार, नीरज भोज, पंकज बिनवाल, भुवन पाण्डेय, हरीश गोस्वामी, विनोद खत्री, सन्तोष रावत एस.ओ.जी कार्यालय से क्षेत्र में गश्त करते हुए करते हुए तेल मिल के पास पहुंचे तो मुखबिर ने सूचना दी कि 30 मई को पंतनगर थाना क्षेत्र में मोटर साइकिल लूट की घटना में शामिल अभियुक्तगण बिना नम्बर की ईको स्पोर्टस गाड़ी से डिबडिबा से रुद्रपुर की तरफ आ रहे हैं वाहन को जसकरन निवासी ईसानगर थाना (शेष पृष्ठ सात पर)

# सीएम धामी की ‘कमाई का खुलासा’ परसों

**स्टार प्रचारक के रूप में धामी ने नापे दस से अधिक राज्य,किए आधा सैकड़ा से ज्यादा चुनावी कार्यक्रम, चुनाव प्रचार में धामी ने कितनी कमाई जन विश्वास की दौलत ? परसों बताएंगे आम चुनाव के नतीजे**

-अर्श-

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समूचे आम चुनाव के दौरान ,भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक के रूप में देश भर में दस से अधिक राज्यों में घूम- घूम कर भाजपा सहित एनडीए के उम्मीदवारों के पक्ष में जबरदस्त चुनाव प्रचार किया है, लिहाजा परसों आने वाले आम चुनाव के नतीजे, विशेष रूप से उन लोकसभा सीटों के नतीजे जहां धामी ने चुनावी कार्यक्रम किए हैं ,इस बात के परिचायक होंगे कि सूबे के मुखिया ने देशभर में घूम-घूम कर जन विश्वास की कितनी दौलत कमाई है ? उल्लेखनीय है कि सीएम धामी पिछले कुछ वर्षों में उत्तराखंड में लिए गए कुछ सख्त निर्णयों के कारण एक सख्त प्रशासक एवं हार्डकोर हिंदुत्व के नए प्रतीक बनकर सामने आए हैं तथा उत्तराखंड में कॉमन सिविल कोड को धरातल पर उतरने की दृढ़ता दिखा कर वे भाजपा के देश भर में कॉमन सिविल कोड लाने की मुहिम के रोल मॉडल भी बनकर उभरे हैं। कादाचित यही कारण है कि आम चुनाव में एक स्टार प्रचारक के रूप में सीएम धामी की जबरदस्त डिमांड रही ।अपने 22 दिन के धुआंधार चुनाव प्रचार के दौरान उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने तकरीबन आधा सैकड़ा से अधिक चुनावी कार्यक्रम किए, जिनमें चुनावी जनसभाएं, रोड शो और जन संवाद आदि प्रमुख है। यहां इस तथ्य जिक्र भी आवश्यक है कि इस बार के आम चुनाव में, स्टार प्रचारक की



हैसियत से पुष्कर सिंह धामी की मांग उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के तकरीबन बराबर ही रही है। बताना होगा कि भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक के रूप में मुख्यमंत्री धामी ने अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत 14 अप्रैल को पीलीभीत लोकसभा सीट से की थी और उसके बाद उनके चुनाव प्रचार का सिलसिला अनवरत जारी रहा। अपने चुनावी अभियान में उन्होंने यूपी के पीलीभीत, गाजियाबाद, लखनऊ, बरेली, तेलंगाना के निजामाबाद, वारंगल और पश्चिमी बंगाल की हुगली में चुनावी कार्यक्रम तो किए ही, साथ ही उन्हें स्पेशल डिमांड के चलते यूपी, झारखंड, दिल्ली, तेलंगाना, महाराष्ट्र, पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा और हिमाचल आदि राज्यों की विभिन्न लोकसभा सीटों पर भी भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करने पहुंचना पड़ा । सबसे रोचक तथ्य तो यह है कि सीएम ने पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश से अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत की और दूसरे पड़ोसी राज्य हिमाचल की शिमला संसदीय सीट पर ही जनसंपर्क के जरिये अपने चुनाव प्रचार का समापन किया । पुष्कर सिंह धामी के समूचे चुनाव प्रचार अभियान की सबसे बड़ी खासियत यह रही कि उन्होंने शतरंज के वजीर की तरह चौतरफा मार की। जहां मुख्यमंत्री की हैसियत से उन्होंने उत्तराखंड में भाजपा की हैट्रिक की मजबूत बुनियाद रखी ,वही देश के कोने-कोने में पार्टी के प्रचार के लिए भी सक्रिय रूप से उपलब्ध रहे और इसी प्रचार के दौरान उन्होंने चार धाम यात्रा की सुचारू शुरुआत भी सुनिश्चित की और प्रदेश के जंगलों में धधक रही आग पर भी काबू पाया।

# एग्जिट पोल: वास्तविकता में बदलेंगे अनुमान

अंतिम सातवें चरण का मतदान करीब 62 प्रतिशत होने के साथ लोकतंत्र का महायज्ञ समाप्त हो गया। इसी के साथ एग्जिट पोल के बहाने अटकलों का बाजार गर्म हो गया। देश के नामी-गिरामी आठ सर्वेक्षणों ने अनुमान लगाया है कि प्रचंड बहुमत के साथ तीसरी बार फिर मोदी सरकार आ रही है। फलोदी समेत अन्य सट्टा बाजार भी इसी अनुमान की पुष्टि करते दिखाई दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नारा 400 पार मतगणना के धरातल पर सच होने के करीब है। साफ है, केंद्र में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन 375 से 415 सीटों पर विजयश्री प्राप्त कर सरकार बनाने जा रहा है। इनमें अकेली भाजपा की 300 से ऊपर सीटें होंगी। जबकि इंडिया गठबंधन को अधिकतम 129 से 161 सीटें मिलने की उम्मीद है। इसमें कांग्रेस 52 से 56 सीटें जीत सकती हैं। लोकसभा की कुल 543 सीटें हैं और सत्तारुढ़ होने के लिए 272 सीटों का आंकड़ा जरूरी है। चौनलों के सभी सर्वे राजग को पूर्ण बहुमत दे रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में राजग को 353 और यूपीए को 91 सीटें मिली थीं। 148 सीटें क्षेत्रीय दल और निर्दलियों के खाते में गई थीं। इस चुनाव में भाजपा को 303 और कांग्रेस को 52 सीटें मिल पाई थीं। 2014 और 19 में किसी भी दल को इतनी सीटें नहीं मिली थीं कि वह लोकसभा में विपक्ष का नेता बनने का अधिकारी हो जाए। 2024 में भी विपक्ष को इस हालात का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में एक बार फिर सोनिया गांधी, राहुल गांधी, ममता बनर्जी, मायावती, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव और दक्षिण भारत के विपक्षी दलों को झटका लगने जा रहा है। बेमेल धर्म व जातीय समीकरणों के बूते उप्र में जो सबसे ज्यादा सीटें जीतने की हुंकार अखिलेश और मायावती भर रहे थे, वहां राजग को 69 सीटें मिलने का अनुमान है। कांग्रेस-सपा गठबंधन को 11 सीटों पर संतोष करना होगा। मायावती का इस बार खाता खुलना भी मुश्किल है। साफ है, चुनावी नक्कारखाने में धर्म और जाति की तूती से अब सनातन मतदाता दूर जाता दिखाई दे रहा है। कह सकते है कि प्रियंका गांधी अपनी दादी इंदिरा गांधी की तरह चमत्कारिक व्यक्तित्व के रूप में पेश नहीं आ पा रही हैं और न ही राहुल गांधी का नेतृत्व जनता स्वीकार करने को तैयार है। संतान के मोह में सोनिया गांधी ने कांग्रेस को हाशिए पर डालने का काम कर दिया है। सर्वेक्षणों की मानें तो भाजपा ने पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी और ओडिशा में नवीन पटनायक की बुनियाद हिला दी है। बंगाल में राजग 21 और ओडिशा में 15 सीटें तक लेती दिखाई दे रही है। यही नहीं इस बार भाजपा के लिए दक्षिण के सभी प्रांत स्वागत के लिए आतुर दिखाई दे रहे हैं। कर्नाटक में भाजपा की सभी 28 सीटों पर भाजपा बढ़त में है। तमिलनाडू में राजग 4, आंध्रप्रदेश में 20, केरल में 2 और तेलंगाना में 17 सीटें जीत सकती है। इनसे इतर महाराष्ट्र में 29, गुजरात में 26 में से 26, राजस्थान में 20, असम में 11, पंजाब में 3, छत्तीसगढ़ में 11, हरियाणा में 6, बिहार में 33 सीटें मिलने की उम्मीद हैं। झारखंड में भाजपा को नुकसान हो सकता है। पूर्वोत्तर भारत में भी भाजपा अपने सहयोगी दलों के साथ बढ़त बनाए हुए हैं। इन अनुमानों में कम्युनिष्ट पार्टियां पूरे देश में अस्तित्व




बचाने की लड़ाई तक सीमित रह गई हैं। साफ है, वामपंथ पर दक्षिणपंथ भारी पड़ रहा है। ढाई माह चले इस चुनावी यज्ञ में मतदाताओं ने सात चरणों में तेज गर्मी के बावजूद अपने मत की आहुतियां दीं। हालांकि 2019 की तुलना में सभी चरणों में मतदान कम रहा है। अब 4 जून को वास्तविक नतीजे आएंगे। लेकिन मतदान के बाद एग्जिट पोल सर्वेक्षणों के खुलासे ने साफ कर दिया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और मोदी व अमित शाह की युगल जोड़ी जमीन पर रणनीतिक सफलता हासिल करने जा रही है। इस बार मोदी की आक्रामक शैली ने हिंदु वोटों को पूरे देश में जबरदस्त ढंग से ध्रुवीकृत करने का काम किया है। जबकि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल चुनाव के दौरान भी मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति का खेल खेलते रहे। आंध्रप्रदेश और कर्नाटक में पिछड़े वर्ग के कोटे में मुसलमानों को आरक्षण देना महंगा पड़ा दिखाई देता है। मोदी ने इस मुद्दे को उछालकर न केवल इन प्रांतों में बल्कि पूरे देश में पिछड़े और अतिपिछडों को अपने संवैधानिक अधिकार के प्रति सचेत कर दिया। नतीजतन इस वर्ग के मतदाताओं ने राजग को झोली भरकर वोट दिए। इस मुद्दे को मोदी ने बंगाल में भी भुनाया। इसी का परिणाम है कि 2019 में मिलीं 18 सीटों की तुलना में भाजपा को यहां 21 से 28 सीटें मिलने तक का अनुमान बता रहे हैं। राम मंदिर, धारा-370 और तीन तलाक जैसे मुद्दों ने सभी वर्ग के मतदाताओं को लुभाया है। दूसरे लाडली बहना, मुफ्त राशन, मुफ्त आवास, हर घर में नल से जल, स्वास्थ्य लाभ के लिए आयुष्मान योजना और स्त्री सुरक्षा के लिए शौचालय जैसी योजनाओं से मिले लाभ के चलते ग्रामीण मतदाता राजग के पक्ष में खुला खड़ा दिखाई दिया है। स्त्री मतदाता मोदी को चुनने में आगे दिखाई दे रही हैं। अच्छे मतदान ने भी राजग की स्थिति अच्छी बना दी है। 2019 की तुलना में कम रहने के बावजूद औसत मतदान 62 प्रतिशत से ऊपर रहा है। ये सर्वे यदि 4 जून को आने वाले वास्तविक नतीजों पर खरे उतरते हैं तो राजग गठबंधन स्पष्ट बहुमत में होगा। ऐसा होता है तो लोकसभा में बहुमत के लिए राजग को सहयोगियों की जरूरत नहीं रह जाएगी। ये अनुमान जताते हैं, कि दलित, वंचित और वनवासी मतदाताओं का जातिगत मतदान से मोहभंग हो रहा है और वे क्षेत्रीय संकीर्णता से मुक्त हो रहे हैं। इस पृष्ठभूमि में इन्हीं वर्ग से रामनाथ कोविंद और द्रोपदी मुर्मु को राष्ट्रपति बनाया जाना भी रहा है। इस बार धर्मनिरपेक्षता के पैरोकारों पर सनातन-सांस्कृतिक राष्ट्रवाद हावी रहा है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल के प्रमुखों ने रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण भले ही ठुकराया हो, लेकिन भगवान राम की भक्ति सभी ने दिखाई। भाषणों में बहुत ज्यादा धर्मनिरपेक्ष होने का दंभ नहीं भरा। गोया लगता है, अब छद्म धर्मनिरपेक्षता का आवरण टूट रहा है। केवल बंगाल में ममता बनर्जी मुस्लिम मतदाताओं के तुष्टिकरण के इस छल का सहारा ले रही हैं। गौरतलब है कि इस बार बंगाल को फोकस करके भाजपा ने हमलावर रणनीति अपनाई थी। नतीजतन जो वामपंथी एक समय कंधे पर लाल झंडा उठाए गौरव का अनुभव करते थे, वे भाजपा में शामिल होकर केसरिया झंडा थामे, जय-जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। इन वामपंथियों ने जहां भाजपा को ताकत दी है, वहीं कम्युनिष्टों के रहे इस गढ़ को नेस्तनाबूद करने का काम भी कर दिया है। एक बार फिर यह मिथक बनता दिखाई दे रहा है कि उत्तर प्रदेश की राजनीतिक जमीन से ही प्रधानमंत्री का पद सृजित होगा। इसी मिथक को पुनर्स्थापित करने के लिए मोदी बनारस से चुनाव लड़े हैं। मोदी की यहां आमद ने पूरे पूर्वांचल को भगवा रंग में रंग दिया है। नतीजतन भाजपा यहां सर्वेक्षणों के अनुसार अच्छी स्थिति में है। स्पष्ट लग रहा है कि जवाहरलाल नेहरू के बाद नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले हैं। एग्जिट पोल से वास्तविकता पर खरे उतरने की उम्मीद इसलिए ज्यादा रहती है, क्योंकि ये मतदान के पश्चात मतदाता के निर्णय को जानने की कोशिश करते हैं और निर्वाचन आयोग की बाध्यता के चलते इनका खुलासा भी देश में पूर्ण रूप से मतदान हो चुकने के बाद किया जाता है। इसलिए कोई राजनीतिक दल शुल्क चुकाकर एग्जिट पोल नहीं कराता। इसलिए ये रुझान परिणाम के निकट पहुंच सकते हैं।

-प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार

# समर कैंप का रंगारंग कार्यक्रमों के साथ समापन

रुद्रपुर। प्राथमिक विद्यालय ट्रांजिट कैंप में सप्ताह भर से चल रहे समर कैंप हर्षोल्लास तथा रंगारंग कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। बच्चो की मनमोहक प्रस्तुतीकरण किया। छोटे- छोटे बच्चो द्वारा योग तथा बॉक्सिंग की प्रस्तुति देख सभी लोग बहुत प्रभावित हुए तथा उन्होंने बच्चो को इनाम भी दिया। समर कैंप के कुछ सीख रहे हैं, उनमें रचनात्मकता का विकास हो रहा है। उन्होंने प्रधानाध्यापिका गायत्री पांडे के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे अवकाश के समय में लगन और उत्साह से सभी रचनात्मक गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा योगासन, बॉक्सिंग, बॉटल पेंटिंग, स्ट्रिंग पपेट, स्टिक पपेट, फिंगर पपेट,





प्रस्तुतियां ने वहा उपस्थित सभी लोगो का मन मोह लिया।समापन अवसर पर बच्चो ने समर कैंप में सीखी गई वस्तुओं की प्रदर्शनी भी लगाई, जिसे देखकर वह उपस्थित सभी लोग बहुत प्रसन्न हुए। बच्चो ने समर कैंप में सीखे गीत, नृत्य, योगासन, बॉक्सिंग आदि का मनमोहक समापन समारोह में मुख्य अतिथि बच्चों के अभिभावक रहे। उन्होंने बच्चो का उत्साहवर्धन करते हुए उनकी प्रस्तुति की भूरि- भूरि प्रशंसा की। अभिभावकों ने अपने वक्तव्य में कहा कि इस विद्यालय में वो पहली बार समर कैंप का आयोजन देख रहे हैं, निश्चित ही उनके बच्चे बहुत बच्चो के साथ लगे रहना तथा नवाचारी तरीके से बच्चो को रचनात्मक कार्यों में व्यस्त रखना समाज के लिए एक बहुत अच्छा उदाहरण हैं। प्रधानाध्यापिका गायत्री पांडे ने सबका आभार व्यक्त करते हुए बताया कि समर कैंप में 135 बच्चो ने प्रतिभाग किया, पूरे सप्ताह बच्चो ने बड़े पुरानी प्लास्टिक के बोतलों से गुलदस्ता बनाना, तथा कहानी निर्माण में बहुत रुचि दिखाई। ये सब काम निश्चय ही उनके जीवन में बहुत लाभकारी सिद्ध होगा। इस अवसरअजरा बी, मोहित, आशा, पूर्णिमा, सीमा, गुड्डी, कमलेश, मुन्नी, संकरी, संतरा देवी तथा कई अभिभावक थे।

# विद्युत कटौती से भड़के ग्रामीणों ने अभियंता को घेरा

नानकमत्ता। विधुत कटौती से गुस्साएं एक दर्जन गांव के लोगों ने प्रधानों के नेर्तत्व में अधिक्षण अभियन्ता का घेराव कर ज्ञापन सौपकर विधुत कटौती रोकने की मांग की। ग्रामीण क्षेत्रों 4-4 घण्टें की विधुत कटौती से त्रस्त गांव विरिया, मगरसड़ा,औदली, भरौनी, लामाखेड़ा , साधुनगर, नलई, पहसैनी, रंसाली, सरोंजा के ग्रामीण बिजली घर नानकमत्ता पहुंचे। जहां उन्होंने जेई नीरज कुमार को घेराव कर ग्रामीण क्षेत्र में 4 घंटे की



कई बार कटौती का विरोध करते हुये कहा कि इन ग्रामीण इलाकों में विधुत लाईन लम्बी होने से विधुत आपुर्ति के साथ लो वोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि गांव लाईन खराब होने पर सही करने में कई दिन लग जाते है,जिससें ग्रामीणों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस मौके पर ग्राम प्रधान साधुनगर मनीष राणा, प्रधान लामाखेड़ा रामपाल राणा, जगदीश राणा प्रधान पहसैनी, सतवीर सिंह, राहुल भटट, कुलविन्द्र सिंह, जगपाल सिंह, अमरीक सिंह आदि मौजूद थे।

# चारधाम रजिस्ट्रेशन के लिए उमड़े श्रद्धालु

हरिद्वार ( उद संवाददाता ) ।चारधाम यात्रा ट्रांजिट कैंप में काउंटर पर ऑफलाइन पंजीकरण एक जून से शुरू हो गए हैं। हरिद्वार में चार धाम यात्रा के पंजीकरण केंद्र पर 12 बजे से पहले ही स्लॉट खत्म होते ही सुबह से खड़े यात्रियों ने जमकर हंगामा कर दिया। हंगामा इस कदर बढ़ गया कि यात्रियों को समझाने के लिए पुलिस को मौके पर आना पड़ा। धामों में भीड़ बढ़ने से प्रशासन ने 13 मई को ट्रांजिट कैंप में ऑफलाइन पंजीकरण पर रोक लगा दी थी। इसके बाद 15-16 मई को पंजीकरण पर रोक जारी रही। बाद में यह तिथि 19 मई फिर 31 मई तक बढ़ा दी गई। इससे तीर्थयात्रियों को ऋषिकेश स्थित ट्रांजिट कैंप में पंजीकरण के लिए 12-12 दिन इंतजार करना पड़ा। कई तीर्थयात्री अपने घरों को लौट गए थे। 23 मई से प्रशासन ने अस्थायी पंजीकरण की व्यवस्था की है। अस्थायी पंजीकरण का कोटा 1,000 से कई बार में बढ़ाकर वर्तमान में 4,500 है। शुक्रवार को भी तीर्थयात्रियों से अस्थायी पंजीकरण के



फॉर्म जमा करवाए गए। उधर, चार धाम यात्रा प्रशासन के ओएसडी नरेंद्र सिंह क्वीरियाल ने बताया, शनिवार से ट्रांजिट कैंप में चारधाम की यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों का काउंटर पर ऑफलाइन पंजीकरण किया जाएगा। प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा के लिए ऋषिकेश और हरिद्वार में ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन खोल दिए हैं। शनिवार से एक दिन में 3000 श्रद्धालुओं के ऑफलाइन पंजीकरण होंगे। सरकार ने यह निर्णय गढ़वाल आयुक्त और आईजी गढ़वाल के स्थलीय निरीक्षण के बाद लिया है।शुरुआत में ऋषिकेश में 1000 और हरिद्वार में 500 श्रद्धालुओं के ऑफलाइन पंजीकरण किए गए। लेकिन धामों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने से सरकार को ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन पर रोक लगानी पड़ी। रोक की अवधि को 31 मई तक बढ़ाया गया। साथ ही गढ़वाल आयुक्त और आईजी गढ़वाल को निर्देश दिए गए कि वे वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करने के बाद बताएं कि ऑफ लाइन रजिस्ट्रेशन खोले जाएं या नहीं।

# विधायक शिव ने सीएम धामी से की मुलाकात

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। खटीमा स्थित कैंप कार्यालय पर रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा ने प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के दौरान विधायक शिव अरोरा ने पुष्कर सिंह धामी को 4 जून को आने वाले देश के आम चुनाव के परिणाम को लेकर मुख्यमंत्री धामी को अग्रिम शुभकामनायें दी। साथ हीं विधायक शिव अरोरा ने कहा लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की सभी सीटों पर सघन प्रवास किया और सभी हमारे पांचो प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार किया, तो वही बात करें चुनाव के दौरान उनकी लोकप्रियता विभिन्न राज्यों में देखने को मिली मुख्यमंत्री धामी ने साउथ के तेलंगाना से लेकर महाराष्ट्र के मुंबई, पंजाब, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य की कई लोकसभा सीटों पर धुआधार प्रचार किया, तो वहीं मुख्यमंत्री धामी की लोकप्रियता देखते ही नजर आई, उनकी रैलियों में उमड़े जनसेलाब देखते



हीं नजर आया। विधायक शिव अरोरा ने मुलाकात के दौरान कहा की निश्चित रूप से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी उत्तराखंड ही नहीं पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान बनते जा रहे हैं व राज्य हित मे उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्य जिनकी की चर्चा उत्तराखंड ही नहीं पूरे देश में होती नजर आ रही है, यही परिणाम है कि लोकसभा चुनाव के दौरान हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री जहां-जहां प्रचार करने गए जनता का उत्साह देखते ही नजर आ रहा था, विधायक ने 4 जून को आने वाले परिणाम के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अग्रिम शुभकामनाएं दी, उन्होंने कहा कि आपके नेतृत्व में पांचो सीटों बहुत बड़े अंतर के साथ हम जीतने जा रहे हैं। विधायक शिव अरोरा बोले देश मे तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली देश मे सरकार बनने जा रही है ओर नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मे देश विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा एवं मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के सो दिन क्रन्तिकारी निर्णय के लिए जाने जायेगे।




# सट्टेबाज और स्मैक तस्कर दबोचा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बलभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान खाईबाड़ी करते एक सट्टेबाज व एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा सार्वजनिक स्थान पर अवैध रुप से सट्टे की खाई बाडी करते उस्मान उर्फ घोडा पुत्र उमर निवासी मलिक का बगीचा को पैन गत्ता, सट्टापर्ची व नगदी 1110 रुपये के साथ गफूर बस्ती से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में कानि. भूपेन्द्र जेष्ठा व मो. यासीन शामिल थे। वहीं पुलिस टीम द्वारा चैकिग के दौरान सराफत हुसैन उर्फ कबाडी पुत्र रिफाकत हुसैन निवासी गफूर बस्ती को 09. 54 ग्राम स्मैक के साथ चोरगलिया रोड रेलवे फाटक से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम में नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष, उनि निधि शर्मा, कानि मौ० यासीन व भूपेंद्र जेष्ठा शामिल थे।






# मर्चेंट नेवी के जवान से युवती ने मांगी पांच करोड़ की फिरौती

## सोशल मीडिया पर फंसाया था प्रेम जाल में, पिता भी हमसाज, शादी का फर्जी प्रमाण पत्र तैयार कर ब्लैकमेल करने का रचा ताना-बाना

■ मनोज श्रीवास्तव

काशीपुर। मर्चेंट नेवी में सेकंड ऑफिसर के पद पर कार्यरत जवान को काशीपुर कीएक युवती ने सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेम जाल में फांसकर लाखों रुपए ऐंठ लिए। इतने से भी जब उसका पेट नहीं भरा तो उसने कूट रचित दस्तावेजों के सहारे शादी का फर्जी पंजीकरण प्रमाण पत्र तैयार कर फिरौती के रूप में 5 करोड़ रूपयों की डिमांड कर दी। ब्लैकमेलिंग के इस हैरतअंगेज मामले में मजे की बात यह है कि पूरे प्रकरण में युवती का पिता बेटी से हमसाज बताया जा रहा है। घटना के बारे में कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर मर्चेंट नेवी में कार्यरत मूल रूप से गोरखपुर उत्तर प्रदेश तथा हाल गोल्फ सिटी सेक्टर 74 नोएडा निवासी रविकांत पंडित पुत्र शोभाकांत पंडित ने बताया कि कुछ समय पूर्व सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी जान पहचान आवास विकास काशीपुर निवासी एक युवती से हुई। फोन पर लगातार बातचीत करते हुए जब नजदीकी बढी तो नेवी का जवान युवती की आर्थिक मदद करने लगा। प्रेम जाल में फांस कर नेवी के जवान से शातिर दिमाग युवती ने तीन लाख हड़प ही नहीं कर लिया बल्कि विश्वास में लेकर उसके क्रेडिट कार्ड से शॉपिंग भी की। जवान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि युवती तथा उसके पिता द्वारा लगातार शादी का दबाव बनाया जा रहा है। पिता पुत्री पर जवान ने आरोप लगाया कि शादी न करने के एवज में उसे बलात्कार के झूठे मुकदमे में फसाने की धमकी दी गई है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि बीते 4 मई को पिता पुत्री ने उसे बहाने से काशीपुर बुलाया। यहां एक दलाल किस्म के अधिवक्ता से पिता पुत्री ने फर्जी दस्तावेजों पर साइन कराए। इस तरह झूठी शादी का जाली प्रमाण पत्र तैयार करने के बाद उपरोक्त तीनों द्वारा विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र निरस्त कराने के नाम पर कथित तौर पर 5 करोड़ की फिरौती मांगी जा रही है। मामला पुलिस के संज्ञान में आने पर उसने इसकी गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जालसाजी के इस पूरे प्रकरण में मास्टरमाइंड युवती का बाप रोडवेज का कर्मचारी बताया जा रहा है।

### तहसील में जमकर चल रहा है फर्जीवाड़ा

काशीपुर। जिम्मेदार अधिकारियों की घोर लापरवाही के कारण पिछले कुछ समय से तहसील परिसर दलाली का अड्डा बन चुका है। बताया गया कि जिस तथा कथित अधिवक्ता ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे जाली शादी का प्रमाण पत्र तैयार कराया वह तहसील में बैठा करता है। इस अधिवक्ता के बारे में सूत्रों का कहना है कि यह अधिकांश काम फर्जी कराता है। जानकारी यह भी मिली है कि तहसील के अधिकारियों की गलत नीतियों के कारण इन दोनों तहसील परिसर में दलालों का डेरा लगा रहता है। जो मनमाने दाम पर ठेका ले लेते हैं।

# खेत में शव मिलने से सनसनी

किच्छा (उद संवाददाता)। निकटवर्ती ग्राम फिरोजपुर के एक खेत में अज्ञात व्यक्ति का शव पये जाने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार गत सायं ग्राम प्रधान बरा जितेन्द्र कुमार ने पुलिस को सूचना दी कि ग्राम फिरोजपुर में एक खेत में अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलने पर उनि पंकज कुमार पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष बताई जा रही हैं। पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाने के साथ ही मृतक की शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिये हैं।

# फायरिंग मामले का आरोपी गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। करीब छह माह पूर्व रम्पुरा में मारपीट के दौरान युवक पर तमंचे से फायरिंग करने के मामले में एक और आरोपी राहुल कोली को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में गुड्डू कोली पुत्र बाबू ने सत्यम, राहुल व बंटी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। सत्यम को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। गुड्डू का आरोप था कि 20 अक्तूबर 2023 को वह अपने घर के सामने था। तभी वहां पर एक मोटर साइकल पर तीन लड़के आए जो गाली गलौज कर रहे थे। जब उसने उन्हें ऐसा करने से मना किया तो एक लड़के ने तमंचा निकालकर उसे धमकाया बीच बचाव में आए सूरज कोली पुत्र ओमप्रकाश के सिर पर तमंचे से मार दिया जिससे उसके सिर पर चोट लग गई इसके बाद उस पर जान से करने के नियत से फायर कर दिया। सत्यम कोली पुत्र प्रेमपाल को पकड़ लिया गया। राहुल कोली तथा बंटी कोली फरार हो गए। जिनमें राहुल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# घर में अकेली युवती को अगवा कर ले गए दबंग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मोहल्ला रेशमबाडी दूधियानगर में घर में मौजूद अकेली युवती को दबंग परिवार के लोग जबरन अगवा का ले गए। अब युवती के परिजनों को धमकाया जा रहा है। युवती के भाई ने बताया कि वह दिल्ली में मजदूरी करता है। 22 मई को वह तथा उसके परिवार के सदस्य घर पर नहीं थे। घर पर उसकी बहिन अकेली थी। जब सायं लगभग 6 बजे घर के लोग घर वापस आये तो देखा कि बहन घर से गायब है। उसकी अपने स्तर से खोजबीन की गयी तभी उसके पिता के मोबाईल फोन पर एक व्यक्ति का फोन आया। उसने कहा कि तुम्हारी लडकी हमारे पास है। ज्यादा खोजबीन मत करो और शान्त बैठ जाओ। अगर पुलिस में गये तो तुम्होरे खानदान को खत्म कर देंगे। जिस कारण परिवार के सभी सदस्य भयभीत हो गये। भाई ने बताया कि उसकी बहन निजी स्कूल में कक्षा 5 तक की छात्रा भी रही है। नाबालिग होने के बावजूद भी फोन करने वाले का भान्जा उसकी बहिन से जबरन विवाह करना चाहता है। इसी उद्देश्य से उसके परिवार के लोग उसकी बहन को बहला फुलसा कर अपने साथ ले गये है। पूर्व में भी अनेक बार घर में युवक को आपत्तिजनक स्थिति में पकडा गया था लेकिन युवक के परिवार की दबंगई के चलते कोई भी कानूनी कार्यवाही नही कर सके।

# ट्रेनिग कैंप में कश्मीर जा रहे खिलाड़ियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।स्काय एसोसिएशन आफ उत्तराखंड के प्रदेश के अध्यक्ष विकास शर्मा के कार्यालय पर



कश्मीर ट्रेनिग कैंप के लिए जा रहे खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। जिसमें उत्तराखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉक्टर डीके सिंह भी मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष विकास शर्मा ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी मेहनत से गेम को आगे बढ़ायें और मेडल अर्जित करें। हमारी तरफ से संस्था के सभी खिलाड़ियों का पूर्ण सहयोग रहेगा किसी प्रकार की कोई दिक्कत या परेशानी खिलाड़ियों को नहीं होने दी जाएगी। संस्था का सभी खिलाड़ियों का पूर्ण सहयोग रहेगा। डॉ डीके सिंह ने सभी खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि सभी खिलाड़ी अपने गेम पर फोकस करें और आगामी राष्ट्रीय खेलों में अधिक से अधिक पदक अर्जित करें और उत्तराखंड राज्य का नाम रोशन करें। इस मौके पर संस्था की मोहम्मद हसन खान ने बताया कि कश्मीर के पहलगाम में मार्शल आर्ट ट्रेनिंग कैंप 22 जून से 28 जून तक आयोजित किया जाएगा जिसमें समस्त भारत के साथ-साथ हमारे राज्य के खिलाड़ी भी बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं जो स्काय मार्शल आर्ट का गहन प्रशिक्षण लेंगे। इस मौके संस्था के उपाध्यक्ष राजकुमार चौहान एव वरिष्ठ खिलाड़ियों में सुदीश राय, शिवचरण सिंह, सोनू कश्यप, प्रदीप राय, जितेंद्र मौर्य, विशाल शर्मा, मोना कश्यप, पुरुषोत्तम वर्मा, कुसुम वर्मा, तुषार सिंह, स्नेहा, साक्षी, ज्योति, आरुषि, अंश, मनीत सिंह, गरिमा, कुंवर,विद्या आदि थे।

# भाजपा को फिर मिलेगा पूर्ण बहुमत: दलीप

रूद्रपुर। मोदी विकास मिशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता सरदार दलीप सिंह मक्कड़ ने कहा कि भाजपा को एक बार फिर पूर्ण



बहुमत मिलेगा और तीसरी बार भी नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि भले ही विपक्षी पार्टियो ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में बड़ी कल्याणकारी योजनाओ को शामिल किया है। लेकिन फिर भी जनता को नरेंद्र मोदी पर ज्यादा भरोसा है। उनकी वजह से देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है। मक्कड़ ने कहा की चुनाव मं भले ही कितने भी समीकरण बदले हो भाजपा की सरकार निश्चित बनेगी और उत्तराखंड की पांचों सीटें भाजपा जीतेगी।

# श्री श्याम मित्र मंडल ने राहगीरों को बांटा शर्बत

गदरपुर( उद संवाददाता)।श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वधान में चिलचिलाती गर्मी का प्रकोप देखते हुए मीठे शर्बत का भंडारा कर राहगीरों की प्यास बुझायी। रविवार सुबह से ही राजन मोटर्स पर श्री श्याम मित्र मंडल के तत्वधान में छबील का आयोजन किया गया ।मंडल के प्रधान सेवादार विजय अनेजा ने बताया कि विगत सायं श्याम मित्र मंडल के सेवादारों द्वारा चिलचिलाती गर्मी में मीठे शर्बत के वितरण करने का प्रस्ताव मंडल के सम्मुख रखा जिस पर सभी श्याम प्रेमियों ने तत्काल छबील लगाने का निर्णय लेते हुए बाबा श्याम के जयकार लगाए।उन्होंने कहा बाबा श्याम की ही कृपा है जो यह सेवा श्याम मित्रमंडल को मिली है।वही श्याम प्रेमी रोबिन फुटेला ने कहा उनका सौभाग्य है कि बाबा ने इस सेवा के लिए राजन मोटर्स का स्थान चुना ओर सेवा का मौका दिया। वही समस्त श्याम प्रेमियों ने बाबा के जयकारों के साथ ही मीठे शर्बत का वितरण कर बाबा श्याम की सेवा में अपना समय व्यतीत किया।इस दौरान विजय अनेजा गोल्डी गगनेजा अंकित गगनेजा,मन्नी फुटेला,महक चौधरी, रोबिन फुटेला,रोहित सुदामा, सचिन बत्रा, संदीप बत्रा, रोहित कंबोज,शोभित हुड़िया,कुनाल ग्रोवर,निखिल मुंजाल, नितिन मुंजाल, मोहित अग्रवाल,कपिल चंद्रा,योगेश छाबड़ा,समन मुंजाल ,विक्की भुसरी,चिराग अनेजा,दीपक खेड़ा, संटी कालड़ा आदि समेत कई लोग थे।



# ठुकराल ने अस्पताल पहुंचकर जाना घायल महिला पुलिस कर्मी का हाल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने नारायण अस्पताल पहुंचकर ड्यूटी के दौरान हाइड्रा की टक्कर से घायल हुई महिला पुलिस कर्मी कांता अग्रवाल का हाल जाना और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।



बता दें बीते दिनों इंद्रा चौक पर यातायात ड्यूटी के दौरान एक हाइड्रा की टक्कर से महिला पुलिस कर्मी कांता अग्रवाल घायल हो गयी थी। उनका बिलासपुर रोड स्थित नारायण अस्पताल में उपचार चल रहा है। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अस्पताल पहुंचकर उनका हाल चाल जाना और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

# योजनाओं में हीलाहवाली किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं :सीएम

## मुख्यमंत्री ने की विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा,कमिश्नर व डीएम को दिए दिशा निर्देश

हल्द्वानी । मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यहां एफटीआई सभागार में मानसखंड मन्दिर माला के अंतर्गत कैंची धाम में आयोजित होने वाले मेले की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कुमाऊँ मण्डल में पेयजल, विद्युत आपूर्ति सहित विभिन्न विकास कार्यों की भी समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैंची धाम में आने वाले पर्यटकों की संख्या में हर रोज इजाफा हो रहा है। इसके लिए उन्होंने जिलाधिकारी को पर्यटन विभाग के माध्यम से कैंची धाम में यात्रियों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की व्यवस्था चालू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य सभी यात्रा मार्गों में यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए यात्रा प्राधिकरण बनाया जाएगा जिसका उद्देश्य पर्यटकों और यात्रियों को अधिकतम सुविधाएं प्रदान करना होगा। मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को यात्रा मार्ग में बनाई जाने वाली संरचना, सुविधाओं आदि के प्रपोजल भी भेजने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के कार्यों की गुणवत्ता और पेयजल योजना में लगने वाले पाइपों की मोटाई मानकों के अनुरूप ने होने की शिकायतों पर शीघ्र आवश्यक कार्यवाही की जाय। इस संबंध में कुमाऊं मण्डल के सभी डीएम को 05 करोड़ से अधिक लागत की कतिपय योजनाओं के भौतिक सत्यापन हेतु स्थलीय निरीक्षण के निर्देश भी दिए। साथ ही कुमाऊं आयुक्त को योजनाओं की मॉनिटरिंग करने और लापरवाही पाए जाने पर सम्बंधित के विरुद्ध कारवाई की संस्तुति के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि योजनाओं में हीलाहवाली और लीपापोती किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा से करें, यही उनका दायित्व है। आम जन को योजनाओं का लाभ मिले, इसलिए योजनाओं का निर्माण किया जाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर रोज समाचार पत्रों, सोशल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विभागों के द्वारा किए जा रहे कार्यों की वास्तविक स्थिति दिखाई जाती है। जिस भी विभाग से संबंधित खबरें मीडिया में छपती है या दिखाई जाती है सम्बंधित अधिकारी जिम्मेदारी लेते हुए खबर का संज्ञान ले और कार्यों को जांच करते हुए गुणवत्ता में



सुधार करे। इसके साथ ही खबर के संबंध में की गई कार्यवाही से संबंधित मीडिया संस्थान को भी अवगत कराए। मुख्यमंत्री ने कुमाऊं मंडल में बिजली और पेयजल किल्लत पर लोगों को कम से कम परेशानी हो इसके लिए ऊर्जा और पेयजल अधिकारियो को मांग के अनुरूप कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। लोगों को किस प्रकार तत्कालिक राहत की जा सकती है इस पर अधिकारी ध्यान दें।भविष्य में किस प्रकार ऊर्जा और पेयजल संकट से निपटा जा सके इसके लिए दीर्घकालिक योजना भी तैयार करने के निर्देश दिये तथा स्वीकृत किये गये नये बिजली घरों पर कार्य शीघ्र आरंभ करने को कहा। बैठक में जिलाधिकारी वंदना सिंह ने जानकारी दी कि कैंची धाम के मेले के लिए जिला और पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। स्थाई और अस्थाई तौर पर 11 पार्किंग तैयार की गई है जिसकी क्षमता लगभग 1500 से 2 हजार वाहनों की होगी। मुख्यमंत्री ने नगर निगम के पास नहर कवरिंग कार्यों का निरीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान डामरीकरण पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नहर कवरिंग हो जाने से हल्द्वानी शहर को काफी हद तक जाम से निजात मिलेगी। मुख्यमंत्री ने शीशमहल फिल्टर प्लांट का भी निरीक्षण किया।पेयजल से जुड़े अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जलनिगम व जल संस्थान द्वारा 2055 की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए हल्द्वानी शहर की पेयजल समस्या को देखते हुए शहर के लिए पानी की मात्रा को बढ़ाते हुए ग्रेविटी स्कीम पर आधारित एक वाटर ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करने के लिए डीपीआर तैयार की है। इसके साथ ही पूर्व में स्थापित दोनों वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (डब्ल्यू टी पी) शीशमहल व शीतलाहाट को रेनोवेट करने की योजना है। विभाग द्वारा लगभग 155 करोड़ की लागत से एक डब्ल्यूटीपी प्लान व वर्तमान में संचालित डब्ल्यूटीपी व अन्य कार्यों के सुदृढ़ीकरण हेतु प्लान तैयार किया गया है। निरीक्षण के दौरान एसई जल संस्थान विशाल सक्सेना ने कहा कि गौला नदी से ग्रैविटी पर आधारित स्कीम तैयार की जा रही है जिससे भूमिगत जल पर निर्भरता कम भर रहे। इसके साथ ही ट्यूबवेल से संचालित पेयजल योजनाओं को आकस्मिकता के तौर पर प्रयोग में लाया जाएगा। इससे वर्तमान व भविष्य में होने वाली पेयजल समस्या से निजात मिल पाएगी। ज्ञातव्य है कि हल्द्वानी में शीश महल व शीतलाहाट में दो वाटर फिल्टर प्लांट है जो कि काफी पुराने व अपनी समयावधि पूर्ण कर चुके है। बरसात के समय गौला नदी में सिल्ट आने से पेयजल आपूर्ति बाधित हो जाती है व वर्तमान में हल्द्वानी के दोनों वाटर प्लांट की पानी के प्यूरीफाई की क्षमता भी काफी कम है। इसके अलावा गर्मियों के दिनों में ट्यूबवेल फूंकने से भी पेयजल आपूर्ति बाधित रहती है। बैठक में विधायक दीवान सिंह बिष्ट, सरिता आर्या,मण्डी परिषद अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू, दर्जा राज्यमंत्री दीपक मेहरा, प्रताप बिष्ट, निवर्तमान मेयर डॉ. जोगेन्दर पाल सिंह रौतेला, आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत, डीआईजी योगेन्द्र रावत, जिलाधिकारी वंदना, एसएसपी पीएन मीणा, मुख्य वन संरक्षक पीके पात्रो, मुख्य नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, मुख्य अभियंता एसके विकास, एके कटारिया के साथ ही जल संस्थान, विद्युत, लोनिवि के मण्डल स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सभी सरकारी कार्यालयों में लगेंगे सौर ऊर्जा प्लांट

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एफटीआई हल्द्वानी से वर्चुअल बैठक लेते हुए मण्डल की विद्युत पेयजल व सड़कों की स्थिति की जानकारियां ली। उन्होंने कहा जनता को सुचारू पेयजल, विद्युत देना सुनिश्चित करें, साथ ही सड़कों को भी ठीक करें। उन्होंने कहा जो पेयजल, विद्युत संबंधी समस्याएं आ रही हैं उनका तत्काल निराकरण करें । उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन योजनाओं में पाईपलाईन की मोटाई मानकों के अनुसार नहीं होने कि शिकायत आ रही हैं उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को जांच कराने के निर्देश दिये साथ ही सरकारी कार्यालयों में सौर ऊर्जा प्लांट स्थापना के भी निर्देश



दिये। उन्होंने जल सरंक्षण हेतु वृहत पौधारोपण कार्ययोजना बनाने के भी निर्देश दिये। जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि घरेलू विद्युत सप्लाई ठीक 23 घंटे हो रही है जबकि उद्योग क्षेत्र में 23:30 घंटे उपलब्ध कराई जा रही है। पेयजल हेतु 11548 हैंडपम्प सुचारू है जबकि 550 हैंडपम्प खराब है जिनमें से 50 को ठीक कराया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि 55 वाटर टैंकर निकायों के पास है जिनसे पानी की सप्लाई की जा रही है, साथ ही 843 वाटर कूलरों द्वारा पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है व निकायों द्वारा प्याऊ भी लगाये गये है। जल जीवन मिशन (जेजेएम) के अंतर्गत 333 योजनाएं में से 197 पूर्ण हो गए है व 50 योजनाएं जून मे पूर्ण कर ली जायेगी व शेष सभी योजनाएं जुलाई में पूर्ण होंगी।जिलाअधिकारी ने बताया कि जनपद में बाढ़ सुरक्षा कार्य किये जा रहे है जिसके तहत नदी-नलों की डिसिल्टिंग व सफाई कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जनपद मे 15 सरकारी कार्यालयों में सौलर पैनलों की स्थापना हेतु शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी उमेश तिवारी, अपर जिला अधिकारी अशोक कुमार जोशी, उपजिलाधिकारी गौरव पांडे, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत चन्द्रशेखर त्रिपाठी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ज्योति पालनी आदि उपस्थित थे।

## राजेश प्रजापति बनाये गये मतगणना प्रेक्षक

रूद्रपुर । लोकसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना 4 जून को निष्पक्ष, पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतगणना प्रेक्षक के रूप में झारखण्ड राज्य सेवा कैडर के राजेश प्रजापति को तैनात किया है। प्रेक्षक ने जनपद मुख्यालय



पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी उदयराज सिंह से औपचारिक भेंट कर जानकारियां ली। जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार जोशी ने बताया कि जनपद ऊधम सिंह नगर में निर्वाचन आयोग द्वारा तैनात मतगणना प्रेक्षक राजेश प्रजापति विधानसभा रूद्रपुर, किच्छा, सितारगंज, नानकमत्ता, खटीमा के मतगणना प्रेक्षक होंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार भी उपस्थित थे।

## राज्यपाल ने समृद्धि कृषक उत्पादक संगठन का किया उत्साह वर्धन

गदरपुर(उद संवाददाता)। समृद्धि कृषक उत्पादक संगठन द्वारा श्री अन्न से तैयार किए गए उत्पादों की भरपूर प्रशंसा उत्तराखंड के प्रथम पुरुष राज्यपाल माननीय गुरमीत सिंह एवं प्रथम महिला माननीय श्रीमती गुरमीत कौर जी द्वारा की गई । समृद्धि कृषक उत्पादक संगठन की सीईओ सीमा रानी द्वारा बताया गया कि नैनीताल के राजभवन में विश्व विद्यालय पंत नगर के कुलपति डॉ.मनमोहन सिंह चौहान एवं प्रसार व शिक्षा निदेशक डॉ. जितेंद्र क्वात्रा के मार्गदर्शन में स्टाल लगाया गया था, जहां पहुंचे उत्तराखंड प्रदेश के माननीय राज्यपाल गुरमीत सिंह द्वारा श्री अन्न से तैयार किए गए उत्पादों की भरपूर प्रशंसा की गई।



उन्होंने सीमा रानी से समृद्धि एफपीओ द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी ली,साथ ही एफ पी ओ के टीम वर्क की तारीफ और उत्साह वर्धन करते हुऐ एफ पी ओ के कुछ उत्पादों की खरीद भी की।इस कार्यक्रम में विश्व विद्यालय पंत नगर के प्रसार एवं शिक्षा निदेशक डॉ. जितेंद्र क्वात्रा, डा.संजय सिंह भी उपस्थित रहे। जिनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से एफ पी ओ नित नए आयाम छू रहा है और अब बहुत ही जल्द एफ पी ओ मौन पालन पर भी कार्य करने जा रहा है ।इस अनमोल क्षण में समृद्धि कृषक उत्पादक संगठन के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर विनोद कुमार गुंबर, अशोक कुमार,फूल सिंह, अमलेश कोरंगा,हरनाम चंद शामिल रहे।

## सेवानिवृत्त होने पर विजय शर्मा को दी भावभीनी विदाई

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सहकारिता विभाग उधम सिंह नगर में संग्रह कुर्क अमीन के पद पर कार्यरत रहे विजय शर्मा 60 वर्ष की उम्र में सेवा निवृत्त हो गए। जिस पर विभागीय अधिकारी गण एवं कर्मचारियों ने उन्हें भावभीनी विदाई दी। शनिवार को शर्मा के सेवानिवृत होने विकास भवन में विदाई समारोह का आयोजन किया गया । विदाई समारोह के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शर्मा ने पूरी इमानदारी से विभाग को अपनी सेवा प्रदान की एवं सौम्य व्यवहार से अपनी कार्यप्रणाली कि छाप छोड़ी है द्य उनके द्वारा जो कार्य किए गए उन्हें भुलाया नहीं जा सकता।जिला सहायक निबंधक सुमन कुमार ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का



एक अहम हिस्सा होता है इसके बाद जीवन की एक नई शुरुआत होती है उन्होंने कहा कि शर्मा को जीवन की नई शुरुआत के लिए और ऊर्जावान रहने के लिए शुभकामनाएं दी है । इस मौके पर जिला सहकारी अधिकारी विकास शर्मा बलराज सिंह राज,नवल शर्मा,प्रतिभा गोयल सहायक विकास अधिकारी रुचि शुक्ला,गोविंद प्रसाद , प्रमोद कुमार , वीरेंद्र नौडियाल , पवन चौहान अनिल कुमार , वीरपाल सिंह,विकास रावत आदि विभागीय अधिकारी व कर्मचारी रहे।

## सड़क दुर्घटना में दोषी चालक को एक साल का कारावास

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। जालली भटकोट में वाहन की टक्कर से हुई मौत के मामले में न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेंद्र कुमार ने दोषी चालक स्थानीय निवासी गंभीर सिंह को एक साल कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अन्य धाराओं में उसे 10 महीने की सजा और 1400 रुपये जुर्माना लगाया गया है। वर्ष 2019 में जालली भटकोट के पास एक वाहन की टक्कर में महरा टाना, जमोली, अल्मोड़ा निवासी गोविंद सिंह की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति श्याम सुंदर पंत घायल हो गए। मृतक के बेटे किशोर मेहरा ने चालक गंभीर सिंह पर नशे में वाहन संचालन करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। तब से यह मामला न्यायालय में चल रहा था। न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सभी पक्षों, गवाहों को सुनने और साक्ष्यों का परिशीलन करने के बाद आरोपी को दोषी करार देते हुए एक साल कारावास और एक लाख जुर्माने की सजा सुनाई है। धारा 279 के तहत उसे 10 माह कारावास और 1400 रुपये जुर्माने की सजा भी हुई है। अभियोजन पक्ष की तरफ से 14 गवाह पेश किए गए

## मनोरंजन प्रदर्शनी के पहले दिन उमड़ी लोगों की भीड़

हल्द्वानी। महात्मा गांधी इंटर कॉलेज में हर वर्ष की तरह इस बार भी हर आयु वर्ग के लोगों के स्वस्थ्य मनोरंजन के लिए नुमाइश का शुभारंभ हो गया है। बरेली रोड गांधी स्कूल में आयोजित नुमाइश के पहले दिन ही लोगों की भरी भीड़ उमड़ पड़ी।मनोरंजन प्रदर्शन में नगर एवं विभिन्न राज्यों से आए दुकानदारों द्वारा हल्द्वानी वासियों को तरह-तरह के व्यंजन परोसे जा रहे हैं। साथ ही बच्चों के लिए खेल खिलोने,महिलाओं के लिए श्रृंगार सामग्री, दैनिक उपयोग के रसोई का सामान, रेडिमेड कपड़े,जूते सहित अन्य कई वस्तुओं की दुकानें भी सज चुकी हैं जहां लोग खरीददारी करते दिखाई दिए। बड़े व बच्चों के लिए कई झूले लग चुके हैं। वही प्रदूषण को देखते हुए पर्यावरण का विशेष तौर पर ख्याल रखा जा रहा है और सुरक्षा व्यवस्था के लिए जगह जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं ।





# केबल फुकने से किच्छा में दस घंटे गुल रही बिजली

## विद्युत सप्लाई ठप होने से देर रात तक मचा रहा हाहाकार, कड़ी मशक्कत के बाद सुचारू हुई आपूर्ति

किच्छा(उद संवाददाता)। भीषण गर्मी और ओवर लोड की मार के चलते किच्छा पावर हाउस की मुख्य सप्लाई की केबल फुक जाने के कारण नगर में 10 घंटे तक विद्युत गुल रही जिससे नगर मौके पर पहुंचकर विद्युत सप्लाई को दुरुस्त करने का कार्य प्रारंभ कर दिया किंतु जांच करते हुए पाया गया कि विद्युत सप्लाई की मुख्य केबल बुरी तरह जल गई है इसके अलावा विद्युत सप्लाई करने सक्सेना, अक्षय बाबा, ने भी एसडीओ डीसी गुर्रानी से मौके पर पहुंचकर वार्ता की तथा वास्तविक स्थिति को जाना जिस पर एसडीओ डी सी गुर्रानी ने सभी व्यापारी नेताओं को वास्तविक स्थिति से विद्युत सप्लाई चालू करने में सहयोग बनाए रखा तथा शांति बनाए रखी नगर व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष नितिन पटेल ने विद्युत विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए





वासियों को गर्मी का सामना करना पड़ा। केबल के जल जाने के तुरंत बाद ही विद्युत विभाग सप्लाई को सुचारु करने के लिए जुटा रहा। जानकारी के अनुसार गत दिवस सायं 6बजे के आसपास किच्छा पावर हाउस की मुख्य पावर सप्लाई की केबल बढ़ते तापमान एवं ओवर लोड के चलते अचानक जल गई तथा पूरे क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई जिसकी सूचना पर कार्यवाही करते हुए एसडीओ डीसी गुरुरानी द्वारा तुरंत जेई ओमकार तथा 10-12 विद्युत कर्मचारियों को लेकर वाला मुख्य ट्रांसफार्मर भी खराब हो गया है। एसडीओ गुरूरानी द्वारा इसकी जानकारी तुरंत विभाग के आला अफसर को भी दी गई तथा विद्युत सप्लाई को दुरस्त करने के प्रयास शुरू किए गए। रुद्रपुर से विद्युत सप्लाई की केवल लाकर क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर एवं केबल को ठीक करने का प्रयास किया गया। लगभग 10 घंटे के अथक प्रयासों के बाद पूरे क्षेत्र में विद्युत सप्लाई दुरस्त की जा सकी। नगर में विद्युत सप्लाई बाधित होने के चलते देर रात्रि में व्यापारी नेता गुलशन सिंधी, राजीव अवगत कराते हुए शीघ्र ही विद्युत सप्लाई सुचारु करने का आश्वासन दिया वास्तविक स्थिति को देखकर व्यापारी नेता भी संतुष्ट होकर चले गए। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला ने भी नगर की विद्युत सप्लाई सुचारु करने के संबंध में एसडीओ से वार्ता की तथा विद्युत सप्लाई के संबंध में आम नागरिकों को भी सूचित कर धैर्य बनाए रखने का आहवान किया जिसके चलते आम नागरिकों ने भी विद्युत विभाग के कर्मचारियों को राहत देते हुए कहा कि रात भर विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा निरंतर कार्य करते रहने के कारण 10 से 12 घंटे के अथक प्रयासों के बाद विद्युत सप्लाई सुचारू की गई जो की एक सराहनीय कार्य है क्योंकि जिस तरह से विद्युत पावर हाउस में फॉल्ट आया था उसको इतनी जल्दी ठीक कर पाना आसान कार्य नहीं था बरहाल नगर में विद्युत सप्लाई सुचारु होने पर भीषण गर्मी के चलते आम नागरिकों ने भी राहत की सांस ली है तथा विद्युत विभाग के कर्मचारियों की प्रशंसा की है।

# दुकान में लगी आग हजारों का नुकसान

गदरपुर(उद संवाददाता)।दुकान में आग लगने से हजारों रुपए का सामान जलकर राख हो गया दुकान से धुआं निकलते देख आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और आग बुझाने का प्रयास किया प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को करीब 11:30 बजे पुनयानी गली में कुछ लोगों ने गुप्ता ट्रेडर्स के नाम से दुकान के शटर से धुआं उठता देखा जिसकी जानकारी लोगों ने दुकान स्वामी को दी दुकान



स्वामी अभिषेक गुप्ता ने जब मौके पर पहुंचकर शटर को खोला तो अंदर आग लगी हुई थी मौके पर पहुंचे समाज सेवी मोहम्मद शादाब ने वार्ड वासियों के साथ आग बुझाने का प्रयास किया और दुकान में रखा सामान बाहर निकलवाने में मदद की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड मगर तब तक काफी सामान जल चुका था दुकान स्वामी ने बताया कि उनके लगभग70000 का नुकसान हो गया है वही समाचार लिखे जाने तक आग लगने की वजह पता नहीं चल पाई

# सराहनीय कार्य करने वाले 22 पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी डा.मंजूनाथ टीसी ने सराहनीय कार्य करने वाले 22 दौरान एसएसपी ने थानाध्यक्ष और चौकी प्रभारियों को अपराध पर अंकुश लगाने के साथ ही लंबित विवेचनाओं के की। इस दौरान एसएसपी ने जिले में चोरी, वाहन चोरी और लूट की घटनाओं का जल्द से जल्द पर्दाफाश करने को कहा। किया जाए। थानों और चौकियों में आने वाले पीड़ितों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। पुलिस अधिकारियों को उनके समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। बाद में एसएसपी ने पुलिस मुख्यालय से मिले अधिकारी और कर्मचारियों को सम्मानित भी किया गया।इस अवसर पर एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के, एसपी सिटी







पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। साथ ही जिले के अलग अलग थानों को 12 नए वाहन भी वितरित किए गए। इस निस्तारण के निर्देश दिए। शुक्रवार शाम को एसएसपी डा.मंजूनाथ टीसी ने पुलिस लाइन सभागार में अपराध समीक्षा बैठक नशे के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। एसएसपी ने कहा कि लंबित विवेचनाओं का जल्द से जल्द निस्तारण अपराध समीक्षा बैठक में एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने पुलिस कर्मचारियों की समस्याओं को सुना। साथ ही संबंधित 12 वाहनों को क्षेत्राधिकारी के साथ ही थानों को वितरित किया। जिले में सराहनीय कार्य करने वाले 22 पुलिस मनोज कुमार कत्याल, सीओ निहारिका तोमर, सीओ पंतनगर ओम प्रकाश समेत तमाम पुलिस अधिकारी और कर्मचारीथे।



## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

### बुजुर्गों के बीमे के सच

प्रधानमंत्री मोदी की एक चुनावी गारंटी है कि अब 70 वर्ष की उम्र या उससे अधिक के प्रत्येक नागरिक को 'आयुष्मान' योजना का लाभ मिलेगा। वे 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त ही करा सकेंगे। यदि प्रधानमंत्री की भावना वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य कवर देने की थी, तो इस आयु-वर्ग के दायरे में 65 साल के वरिष्ठ नागरिक भी रखे जा सकते थे, क्योंकि इस उम्र तक बीमारियां पकने लगती हैं और इलाज की सख्त जरूरत होती है। इस सूची में मधुमेह, रक्तचाप, हृदय रोग, कैंसर, किडनी, प्रोस्टेट से जुड़ी बीमारियां रखी जा सकती हैं, जो उम्र के साथ-साथ बढने लगती हैं। यदि प्रधानमंत्री ने ऐसा किया होता, तो न केवल देश के बुजुर्ग उन्हें ढेरों आशीर्वाद देते, बल्कि सकल जीवन प्रत्याशा भी बढ़ती। दरअसल बूढ़ों को स्वास्थ्य कवर देना बेहद गंभीर और जरूरी मुद्दा है, क्योंकि स्वास्थ्य बीमा कंपनियां वरिष्ठ नागरिकों को कवर देने से कन्नी काटती हैं या साफ इंकार कर देती हैं। अधिकतर निजी कंपनियों के बीमे की किस्त बेहद महंगी होती है, जिसे बिना पेंशन वाले बुजुर्ग वहन नहीं कर सकते। जो सरकारी सेवाओं में रहे हैं, उनके लिए सीजीएचएस जैसी सुविधाएं ताउम्र उपलब्ध हैं। ऐसे बहुत कम फीसदी लोग हैं। आम आदमी के लिए बीमा कंपनियों की शर्तें इतनी महीन छापी जाती हैं कि उन्हें पढना असंभव होता है, लिहाजा बीमा लेने वालों को एजेंट के कथनों पर ही भरोसा करना पड़ता है। सरकारी डाटा ही खुलासा करता है कि मात्र 6 फीसदी आबादी उन वरिष्ठ नागरिकों की है, जिनके पास अपना स्वास्थ्य बीमा कवर है, जबकि भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडाई) बुजुर्गों की भागीदारी को प्रोत्साहित करता रहा है। यह एक संवैधानिक निकाय है, जिसका गठन संसद में पारित बिल के जरिए किया गया था, ताकि बीमा बाजार पर निगाह रखी जा सके। इसके बावजूद देश और समाज के सबसे संवेदनशील समूह को बीमे के फायदों और जरूरत से बाहर रखा गया है, क्योंकि बीमे की किस्त वाकई बेहद महंगी है। प्रधानमंत्री की गारंटी 'मास्टर स्ट्रोक' साबित हो सकती थी। इरडाई का ही डाटा है कि 144 करोड़ के देश में 55 करोड़ के पास ही स्वास्थ्य कवर है। औसतन 100 में से 54 कवर सरकार द्वारा प्रायोजित होते हैं। किस्त के तौर पर कमाए गए प्रति 100 रुपए में से 91 रुपए व्यक्तिगत और समूह बीमा पॉलिसी से आते हैं। 'पॉलिसी बाजार' नामक बीमा कंपनी के सर्वेक्षण के मुताबिक, देश में 96 फीसदी लोग स्वास्थ्य बीमा जानते हैं, लेकिन 43 फीसदी ने ही पॉलिसी ले रखी है। औसतन 3 में से 2 लोग महसूस करते हैं कि बीमा किस्त बेहद महंगी है। नीतियां और शर्तें बेहद पेचीदा हैं, लूट भी लेती हैं, भुगतान की शर्तें बिल्कुल अस्पष्ट हैं और कई बीमारियों को कवरेज की सूची से बाहर रखा गया है और बीमाधारक को यह स्पष्ट नहीं किया जाता। यह धोखाधड़ी अधिकतर कंपनियां कर रही हैं। दरअसल स्वास्थ्य बीमा का बाजार बड़ा प्रतियोगी है। बीते 2023 के अंत में 29 कंपनियां ऐसी थीं, जो स्वास्थ्य की नीतियां और शर्तें तय कर रही थीं। गैर-जीवन बीमा बाजार का यह सबसे बड़ा हिस्सा, भाग है। बेशक यह बीमा-क्षेत्र बढ़ भी रहा है, क्योंकि लोग स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा सचेत होने लगे हैं।

# अंधड़ ने मचाई तबाही, एक की मौत

रानीखेत (उद संवाददाता)। शनिवार शाम अंधड़ से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। यहां आयोजित उर्स मेले के दौरान अंधड़ से पेड़ गिरने से एक व्यापारी की मौत हो गई जबकि आठ लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय भेजा गया। गंभीर हालत को देखते हुए तीन घायलों को हायर सेंटर रेफर किया गया। वहीं, क्षेत्र के झलोड़ी में जीप के ऊपर पेड़ गिरने से किशोरी सहित दो जबकि गनियाद्योली में अंधड़ से उड़े टिन की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।रानीखेत में कालू सैयद बाबा के उर्स समारोह में मेला आयोजित हो रहा है, इसमें खासी भीड़ जुट रही है। शनिवार को भी बड़ी संख्या में लोग मेले में शामिल होने पहुंचे। यहां लगी दुकानों में खरीदारों की भीड़ जुटी रही। इसी बीच दोपहर बाद अंधड़ से एक पेड़ मेला स्थल के पास खड़ा पॉप्लर का एक सूखा पेड़ फड़ों में गिर गया। इसकी चपेट में आने से फड़ व्यापारी संजू देवल



(50) पुत्र राम चंद्र, निवासी बाजपुर, यूएसनगर की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में मेघा पुत्री विपिन चंद्र निवासी जरूरी बाजार रानीखेत, कृष्णा पुत्र कमलेश निवासी ग्राम बम्स्यू, रानीखेत, नबी अहमद पुत्र मो. अहमद निवासी रामपुर, यूपी, सरताज अहमद पुत्र इकरार, निवासी सितारगंज, यूएसनगर, हिमांशु बिष्ट पुत्र पूरन सिंह बिष्ट, निवासी बम्सयुं, रानीखेत, राजपाल पुत्र टीका राम, निवासी बाजपुर, यूएस नगर, कमरू खान पुत्र राशिद, निवासी बाजपुर, यूएसनगर, नाजिर पुत्र मो. हनीफ, निवासी बाजपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। पेड़ गिरते ही लोगों में अफरातफरी फैल गई और उनकी चीख-पुकार निकल पड़ी। लोग बचने के लिए इधर-उधर दौड़ते रहे। आसपास के लोगों ने घायलों को उपचार के लिए उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए तीन घायलों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची तहसीलदार दीपिका आर्या ने घटना के कारणों का जायजा लिया। वहीं, कोतवाल अशोक धनकड़ ने कहा शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।रानीखेत क्षेत्र के झलोड़ी में अंधड़ से जीप के ऊपर चीड़ का पेड़ गिर गया। इस घटना में इसमें सवार भिकियासैंण निवासी 13 वर्षीय रिया पुत्री शंकर दत्त, 70 वर्षीय हंसी देवी पत्नी हरिदत्त घायल हो गए। संयोग से चालक सुरक्षित बच गया। घायलों को उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। उर्स मेले के साथ ही अन्य जगहों पर पेड़ गिरने और छत उड़ने से हुई घटना में घायलों को उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय लोग अस्पताल पहुंचे इससे यहां भीड़ जुट गई। तहसीलदार दीपिका आर्या ने भी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल जाना और चिकित्सकों को उनका बेहतर उपचार करने के निर्देश दिए।

# टीएमयू डेंटल स्टुडेंट्स ने बताई तम्बाकू की डीमेरिट्स

मुरादाबाद (उद संवाददाता)। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में डेंटल कॉलेज और रिसर्च सेंटर के





पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग की ओर से विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर डेंटल स्टुडेंट्स ने नाटक के जरिए ओपीडी में आने वाले मरीजों को व्यक्ति और समाज के संग-संग स्टुडेंट्स लाइफ पर पड़ने वाले तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक किया। स्टुडेंट्स ने नाटक और पोस्टर्स के जरिए संदेश दिया कि किस प्रकार समाज के दबाव में आकर स्टुडेंट्स तंबाकू का सेवन करने लगते हैं, जो उनकी खुशहाल जिंदगी को बर्बाद कर देता है। स्टुडेंट्स ने मरीजों को तंबाकू के प्रति शिक्षित और संवेदनशील बनाने और इसका सेवन न करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर तंबाकू सेवन के वैश्विक प्रतिकूल प्रभावों, तंबाकू सेवन की समाप्ति को लेकर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डेंटल के कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. प्रदीप तांगड़े, उप प्राचार्या डॉ. अंकिता जैन और सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग के डॉ. विकास सिंह की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. शिवान सतीश और डॉ. उपेन्द्र मल्लिक की ओर से आयोजित ओरल कैंसर स्क्रीनिंग डिटेक्शन कैंप में 125 रोगियों की जांच की गई। ओरल पैथोलॉजी के विभागाध्यक्ष डॉ. के. विनोद और प्रो. शिल्पा दत्ता मलिक ने तम्बाकू समाप्ति परामर्श कार्यक्रम के जरिए तम्बाकू छोड़ने में रुचि रखने वाले रोगियों के लिए परामर्श प्रदान करते हुए सहायक उपचार भी बताए। तंबाकू छोड़ने के लिए तारीख तय करना, अपने ट्रिगर्स को पहचाना, समस्या निवारण रणनीतियां विकसित करना, समर्थन प्राप्त करना, निकोटीन रिप्लेसमेंट थेरेपी-एनआरटी का उपयोग, शराब और अन्य ट्रिगर्स से बचाव, स्वस्थ आहार और हाइड्रेशन को अपनाना जरूरी है। तंबाकू छोड़ो, खुशहाल जिंदगी से नाता जोड़ो थीम पर आयोजित नाटक में बीडीएस के स्टुडेंट्स- मानसी शर्मा, प्रतीक्षा यादव, तारिक खान, निखिल कुमार, संचित जैन, संचिता वर्मा, सेजल सलूजा, सुनिधि,सौरभकुमार,स्वर्णा, आरित्रो,अनुष्का,आरजू ने प्रतिभाग किया।

# भारत सोने की चिड़िया की ओर पुन: अग्रसर

31 मई को भारतीय अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् के सदस्य संजीव सान्याल ने ब्रिटेन से 100 टन सोना भारत वापस मंगा लिये जाने की जानकारी देकर सबको चौंका दिया। न किसी को राय-मसविरा देने का मौका दिया, न विपक्षी नेताओं को आलोचना करने का अवसर और न किसी को श्रेय लेने या आचार-संहिता के उल्लंघन की दलील देने का मौका मिल पाया। मध्यावधि चुनाव के अंतिम चरण के मतदान की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को यह भारत के लिए बड़ी उपलब्धि है। देश की अर्थव्यवस्था पर भी इसका प्रभाव देखने को मिलेगा। व्यवहार में कोई निर्धन व्यक्ति अपने मित्रों या संबंधियों से उधार मांगता है तो देने वाला कई बार सोचता है कि इसकी वापस करते की औकात है या नहीं, और कोई न कोई बहाना बनाकर उसे मना कर देता है। वहीं किसी समर्थ व्यक्ति द्वारा मांगे जाने पर तुरत देने के लिए कई लोग खड़े हो जाते हैं। ठीक यही स्थिति देशों की भी है। किसी भी देश की साख इस बात पर निर्भर करती है कि उसके पास कितना सोना-भण्डार है।भारत सोने की चिड़िया कहा जाता था। विदेशी आक्रान्ताओं ने भारत की संपत्ति को कई स्तरों में लूटा और समृद्धि को नष्ट किया। पिछले लगभग अर्द्धशतक तक भारत को सोना-भण्डार के रूप में समृद्ध बनाने के लिए किसी सरकार द्वारा सकारात्मक पहल नहीं की गई, न इस तरह की कोई योजना बनाई गई। बल्कि 1990 तक विदेशी मुद्राभण्डार के रूप में देश लगभग कंगाल हो चुका था। 1991 में चंद्रशेखर सरकार ने विदेशी मुद्रा सकंट के कारण 400 मिलियन डॉलर की राशि जुटाने के लिए बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ जापान में 46.91 टन सोना गिरवी रखा था। तब मनमोहन सिंह वित्तमंत्री थे। इस दौरान देश की बहुत आलोचना हुई थी। भारत ने 1991 के बाद पहली बार इतनी बड़ी मात्रा में सोने की घर वापसी कराई है। पिछले 35 सालों के बाद आज भारत को यह गर्व की बात है। तब के वित्तमंत्री मनमोहन सिंह ने यूपीए की सरकार में प्रधानमंत्री रहते अपनी पूर्व की गलती को सुधारते हुए 20 साल बाद सन् 2009 में देश की संपत्तियों को डाईवर्सिफाई करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से 200 टन सोना खरीद लिया, इसके लिए आरबीआई को 6.7 अरब डॉलर खर्च करने पड़े थे। इसके बाद से रिजर्व बैंक लगातार सोने की खरीद कर रहा है। हालिया आंकड़ों के अनुसार मार्च के अंत में आरबीआई के पास 822.1 टन सोना था, जिसमें से 413.8 टन सोना विदेशों में था। हाल के वर्षों में सोना खरीदने वाले केंद्रीय बैंकों में रिजर्व बैंक शामिल है, पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान इसमें 27.5 टन सोना जोड़ा गया था। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च 2024 तक केंद्र सरकार के पास 822.10 टन सोना था। जबकि इसके पिछले साल 794.63 टन सोना था। यही प्रगति रही तो भारत को पुन: सोने की चिड़िया बनने से कोई नहीं रोक सकता। हर भारतवासी को अपने देश पर गर्व है।

-डॉ. महेन्द्रकुमार जैन 'मनुज

# आग से झोपड़ी जलकर राख

पंतनगर (उद संवाददाता)।जैव प्रौद्योगिकी परिषद (बायोटेक) में चालक के पद पर कार्यरत सुनील कुमार हल्दी में झोपड़ी बनाकर अपने भाई के साथ रहते हैं।शनिवार की सुबह सात बजे वह और उनका भाई किसी काम से झोपड़ी में ताला लगाकर बाहर चले गए। लगभग आधा घंटे बाद उनके पास पड़ोसी का फोन आया कि उनकी झोपड़ी में आग लगी है। वह तुरंत झोपड़ी पर पहुंचे तो देखा कि झोपड़ी भीषण आग की लपटों में घिर चुकी थी। उन्होंने अग्निशमन विभाग को सूचना देकर पड़ोसियों की मदद से आग बुझानी शुरू की, लेकिन आग और भड़कती चली गई। लगभग आधे घंटे बाद पहुंचे दमकल वाहन ने आग पर काबू पाया। तब तक झोपड़ी का सारा सामान जल चुका था। सुनील ने बताया कि झोपड़ी में दो बेड, चार गद्दे, बर्तन, राशन और घरेलू उपयोग की चीजें मौजूद थीं, जिनके चलने से लगभग डेढ़ से पौने दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है।

# मतगणना के लिए सभी व्यवस्थाएं पूर्ण:डीएम

बागेश्वर(उद संवाददाता)। आगामी चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अनुराधा पाल ने जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता की। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जिले की दो विधानसभाओं के लिए 14-14 टेबल लगायी जाएगी। जनपद में ईवीएम मशीन की ही गणना होगी, जबकि पोस्टल बैलेट की गणना व ईटीपीबीएस(इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिटेड पोस्टल बैलेट सिस्टम) की स्कैनिंग अल्मोड़ा आरओ स्तर पर होगी। मतगणना क्षेत्रों में तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। मतगणना क्षेत्र में मोबाइल सहित इलेक्ट्रानिक डिवाइस पर पूर्णतया प्रतिबंध



रहेगा। उन्होंने कहा कि मतगणना स्थल पर बिना अनुमति के किसी को प्रवेश नही करने दिया जाएगा। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पर्याप्त संख्या में पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की गयी है। किसी भी अभिकर्ता को मतगणना कक्ष में मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच और इलेक्ट्रोनिक सामग्री ले जाने पर प्रतिबंध रहेगा। मतगणना स्थल में 37 सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है। तथा पूरी मतगणना प्रक्रियाओं की कड़ी निगरानी के लिए छह 360 डिग्री कैमरे भी स्थापित किए गए है। मतगणना परिसर में मादक पदार्थ, धूम्रपान पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने कहा कि मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए इसमें लगे कार्मिकों का पुलिस सत्यापन भी करा दिया गया है। मत गणना कार्मिकों के वाहनों को छोड़कर किसी भी वाहन की प्रवेश की अनुमति नहीं होगी, इसके लिए पूरा प्लान तैयार किया गया है।इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी एनएस नबियाल व सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मोनिका मौजूद रही।

# जात-पात और मजहब मानवता के शत्रु हैं

मनुष्य जब पैदा होता है तो उसकी न कोई जात होती है न कोई मजहब धर्म होता है स बच्चा एक कोरी स्लेट की भांति होता है। उस स्लेट पर हम



जो अंकित कर देते हैं वह वैसा ही बन जाता है स उसे जाति में हम बांधते हैं । मजहब का जूनून हम थोपते हैं स और शूद्र की संज्ञा हम उसे देकर भिन्न जातियों में बांट देते हैं स इस जातिवाद के कारण गोर-काले श्वेत-अश्वेत आर्य दस्यु की परम्परा ने मनुष्य जाति का कितना नुकसान किया सबको ज्ञात है। छूतछात के चलन से निम्न वर्ग के लोगों को मंदिरों में घुसने नहीं दिया गया। उनके साथ अत्याचार हुआ। मजहब की दीवारों ने जलती पर घी का काम किया है। हिन्दू-सिख मुस्लिम और ईसाई धर्म में समाज बंट गया। हर समुदाय ने मंदिर, मस्जिद, गुरूद्वारे और चर्च बनाकर भगवान को भी बांट दिया। हर वर्ग के लोगों में अपने मजहब को उच्च और दूसरे मजहब को निम्न मानकर मजहब के नाम पर एक-दूसरे से नफरत करके कई बार रक्त-पात हुआ। कई मजहबों ने स्त्री जाति के प्रवेश पर ही बखेड़ा कर दिया। मजहब की कट्टरता ने इंसानियत का कचमूर निकल दिया है। भगवान तो निराकार है वह हर जगह है फिर हम मंदिर,मस्जिद बनाकर कैद करने का प्रयास क्यों करते हैं।

प्रस्तुति-नरेश कुमार सेठ

# गढ़वाल विवि के कुलपति को पद से हटाया

देहरादून (उद संवाददाता)। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के कुलसचिव डॉ. धीरज शर्मा को उनके पद से हटा दिया गया है। गत 27 मई को हुई विवि कार्य परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय पर विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने कुलसचिव के कार्य मुक्त किए जाने का आदेश जारी किया है। बताया जा रहा है कि एक साल का कार्य मूल्यांकन संतोषजनक नहीं होने के चलते उन्हें पद से हटाया गया है। गढ़वाल विवि के कुलसचिव डॉ. धीरज शर्मा ने गत वर्ष जून में विवि में ज्वाइन किया था। उनकी नियुक्ति विवि में पांच साल के लिए हुई थी। हालांकि बताया जा रहा है कि नियुक्ति पत्र में एक साल के कार्य मूल्यांकन का प्रावधान रखा गया था। कार्य मूल्यांकन संतोष जनक पाए जाने पर ही कार्यकाल को आगे बढ़ाया जाना था। उनका एक वर्ष का कार्यकाल आगामी 27 जून को पूरा होना था। इस



मामले को गत 27 मई को हुई विवि की कार्य परिषद की बैठक में रखा गया था। जिसमें कार्य परिषद ने कुलसचिव डॉ. धीरज शर्मा का एक साल का कार्य मूल्यांकन किया और यह संतोषजनक नहीं पाया गया। जिस पर विवि प्रशासन ने डॉ. धीरज को 30 मई को इसकी जानकारी देते हुए 24 घंटे के अंदर कार्य मुक्त होने के संदर्भ में एक माह का नोटिस देने या तत्काल पद छोड़ने का विकल्प मांगा था। उनसे कहा गया था कि विकल्प नहीं बताने पर माना जाएगा कि वह एक महीने का वेतन लेकर तुरंत कार्यालय छोड़ने के लिए तैयार हैं। निर्धारित अवधि में जवाब नहीं मिलने पर 31 मई को कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने पत्र जारी कर उन्हें एक माह के वेतन के साथ तत्काल कार्य मुक्त कर दिया। गढ़वाल विवि के स्थायी कुलसचिव डॉ. धीरज शर्मा को शुक्रवार को पद से कार्य मुक्त किए जाने के बाद प्रो. एनएस पंवार को विवि का कार्यवाहक कुलसचिव बनाया गया है। उन्होंने शुक्रवार देर सायं कार्यवाहक कुलसचिव का कार्यभार ग्रहण किया। प्रो. पंवार कार्यवाहक के रूप में विवि के वित्त अधिकारी का कार्य भार भी देख रहे हैं। पूर्व में वह कई बार अस्थायी तौर पर कुलसचिव का कार्यभार संभाल चुके हैं। गढ़वाल केंद्रीय विवि के कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल का कहना है कि गढ़वाल विवि के कुलसचिव के नियुक्ति पत्र में एक साल के कार्य मूल्यांकन के बाद ही सेवा विस्तार का प्रावधान था। विवि की कार्यकारी परिषद की ओर से कुल सचिव के कार्य का मूल्यांकन किया गया। कार्य मूल्यांकन संतोषजनक नहीं पाए जाने पर 27 मई को हुई कार्य परिषद की बैठक में कुलसचिव डॉ. धीरज शर्मा को कार्य मुक्त किए जाने का निर्णय लिया गया था। कार्यकारी परिषद द्वारा पारित प्रस्ताव के अनुपालन में उन्हें कुलसचिव के कर्तव्यों से मुक्त कर दिया गया है।

# भ्रस्टाचार मुक्त जिला बनाने के लिए एकजुट होकर होगा संघर्ष

बागेश्वर। जिला स्तर के विकास कार्य तथा समस्याओं पर अब रिव्यू संगठन नजर रखेगा। जिसको लेकर प्रत्येक माह बैठक होगी। भ्रष्टाचार पर प्रहार होगा तथा काम नहीं करने वाले विभागों के विरुद्ध आंदोलन की रणनीति तय होगी।शनिवार को प्रकटेश्वर मंदिर सभागार पर हाईकोर्ट के अधिवक्ता तथा रिव्यू के संयोजक डीके जोशी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें व्यापार मंडल, नागरिक मंच, सवाल संगठन, बेरोजगार संघ, छात्रसंघ तथा उत्तराखंड आंदोलनकारियों ने भाग लिया। सवाल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश कृषक ने कहा कि रिव्यू संगठन अब जिले की समस्याओं के समाधान को लेकर काम करेगा। जिले से लेकर राज्य के मुख्या तक समस्याओं का आदान-प्रदान होगा। समाधान नहीं होने पर आंदोलन की रणनीति तय होगी। व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी ने नगर अतिक्रमण पर बात रखी। कहा कि लोनिवि तथा सिंचाई विभाग की भूमि पर अधिक्रमण हो रहा है। जिला प्रशासन मौन बना है। नगारिक मंच के अध्यक्ष पंकज पांडे ने 2005 से विनियमित क्षेत्र से लेकर 2017 से लागू जिला प्राधिकरण पर चर्चा की। कहा कि प्राधिकरण सिर्फ लूट का साधन बन गया है। पहाड़ में यह नियम धरातल पर नहीं उतर सकता है। जिस पर सरकार को पुनर्विचार करना होगा। इसके अलावा खनन फाउंडेशन की धनराशि शिशु मंदिर में व्यय करने, खनन से प्रभावित गांवों की उपेक्षा, सोराग में पिंडर नदी पर पुल बनाने, जल जीवन मिशन, जिला अस्पताल की समस्याओं को लेकर आंदोलन की रणनीति तय हुई। इस दौरान छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल कुमार,उत्तराखंड बेरोजगार संगठन के कुमाऊं संयोजक भूपेंद्र कोरंगा, कार्तिक उपाध्याय, पियूष जोशी, भुवन चौबे, जयदीप कुमार, प्रेम दानू, भुवन चौबे, भैरव दत्त पांडे आदि उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता सेनानी की पुत्री कलावती देवी का 103 वर्ष की उम्र में निधन

गरुड़(उद संवाददाता)। तहसील के ग्राम पंचायत मटेना के प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. प्रेमानंद खोलिया की पुत्री कलावती देवी का निधन हो गया है। वह 103 वर्ष की थी। उनके निधन का समाचार सुनकर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। कलावती देवी के पिता स्व. प्रेमानंद खोलिया ने देश की आजादी में प्रमुख भूमिका निभाई। अपने पिता से कलावती ने भी बचपन में देशभक्ति का पाठ पढ़ा। उनके बालमन पर पिता के संघर्ष का बहुत ही गहरा प्रभाव पड़ा और वह भी बचपन में पर्दे के पीछे से पिता को आजादी की लड़ाई में गति देने लगी। कलावती ने आजाद भारत और पराधीन भारत, दोनों स्थितियों को करीब से देखा था। वह आजादी के किस्से सुनाकर युवा पीढीघ का मार्गदर्शन करती थी। सत्तर के दशक के भारत में कलावती ने अनेक



उतार-चढ़ाव देखे। उन्होंने पुराने भारत की तस्वीर व नए बदलते भारत की तस्वीर को भी देखा। उनके पास एक लंबा अनुभव था। वह उस अनुभव को युवा पीढीघ से साझा किया करती थी। उन्होंने अपने भतीजे शिक्षक उमेश चंद्र जोशी व मोहन चंद्र जोशी का कुशल मार्गदर्शन किया। उनके निधन से स्यालाटीट गांव, ग्राम पंचायत मटेना समेत कत्यूर घाटी शोक में डूब गई है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को स्थानीय चक्रव्रतेश्वर घाट पर कर दिया गया है। उनके निधन पर विधायक पार्वती दास, पूर्व विधायक ललित फर्सवाण, जिपं अध्यक्ष बसंती देव, ब्लाक प्रमुख हेमा बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री गोपाल दत्त भट्ट, शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नंदन सिंह अल्मिया, राजकीय शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष देवेंद्र मेहता, प्राथमिक संगठन के अध्यक्ष नवीन मिश्रा, पूर्व बीईओ जीवन चंद्र दुबे, क्षेपंस भोला दत्त तिवारी, ग्राम प्रधान रविशंकर बिष्ट, उप प्रधान नीमा बड़सीला, नवयुवक मंगल दल के अध्यक्ष कैलाश खुल्बे, चंद्रशेखर बड़सीला, मनोज खोलिया, अनिल पांडे, मनोज जोशी समेत अनेक संगठनों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# 5 लाख से अधिक वोटों से जीतेंगे अजय भट्ट:नागर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। हिंदू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव महेन्द्र नागर ने दावा करते हुए कहा उत्तराखंड मे भाजपा पांच की पांच सीटें जीत रही है और केन्द्र में फिर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन रही है साथ ही नरेन्द्र मोदी फिर एक बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। नागर ने दावा किया है कि नैनीताल लोकसभा से अजय भट्ट की 5 लाख से अधिक वोटों से जीत तय है, अजय भट्ट का उत्तराखंड मे सर्वाधिक वोटों से जीतने वाले सांसद बनना तो तय है ही साथ ही देश मे भी सर्वाधिक वोटों से जीतने वाले प्रत्याशियों मे भी उनका नाम शामिल रहेगा।उत्तराखंड लोकसभा पर चुनाव प्रचार में सक्रिय रहे नागर ने बताया कि वह नैनीताल लोकसभा सीट पर अजय भट्ट के प्रचार मे रहे हैं पूरे नैनीताल जिले व उधमसिंह जिले मे एकतरफा वोट भाजपा के अजय भट्ट को मिला है इस लोकसभा की जनता एक बार फिर अजय भट्ट को जिताकर माननीय नरेंद्र



मोदी जी को प्रधानमंत्री बनना देखना चाहती है। नागर ने बताया कि हिंदू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. अनुराग भुर्गुवंशी द्वारा उन्हें उत्तराखंड की नैनीताल व दिल्ली की पूर्वी दिल्ली लोकसभा की जिम्मेदारी दी गयी थी। कहा कि पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भी भाजपा प्रत्याशी हर्ष मल्होत्रा का जीतना भी तय है, इस सीट से वर्तमान मे भाजपा के ही भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर सांसद हैं। नागर ने दिल्ली मे भी सातों सीटें जीतने का दावा किया है, उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता आप की सरकार और केजरीवाल से त्रस्त है, उन्होंने केजरीवाल पर आरोप लगाते हुए कहा कि आप की दिल्ली सरकार मे मंत्रियों व विधायको मे खूब लूट खसोट चल रही है विकास के कार्य वर्षों से ठप हैं। नागर ने कहा 4 जून को पुरा भारतवर्ष नरेंद्र मोदी के पुन: प्रधानमंत्री बनने पर दिवाली मनायेगा।

## पेज एक का शेष...

**तलवार से हमला कर...**रूप से घायल युवक को अस्पताल भेज गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद कप्तान प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने जिला अस्पताल पहुंचकर जानकारी जुटाई। थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया गया है। हत्यारोपी की तलाश में संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है। जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

**अरूणांचल में भाजपा और...**में हुए अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने 42 सीटें जीतीं, जबकि भाजपा केवल 11 सीटें जीतने में सफल रही। पीपुल्स पार्टी ऑफ अरुणाचल (पीपीए) ने 5 सीटें जीतीं। लेकिन प्रदेश में राजनीतिक उठा-पटक के बाद जुलाई, 2016 में पेमा खांडू पहली बार प्रदेश के मुख्यमंत्री बने।अरुणाचल प्रदेश में कोई बड़ी क्षेत्रीय राजनीतिक दल नहीं है। यहां पर भाजपा और कांग्रेस दो बड़े दल हैं और इन्हीं के बाच लड़ाई है। हालाकि, भाजपा ने राज्य की सभी 60 सीटों पर चुनाव लड़ा, जबकि कांग्रेस ने केवल 19 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे। भाजपा पहले ही बोमडिला, चौखम, ह्युलियांग, ईटानगर, मुक्तो, रोइंग, सागली, ताली, तालिहा और जीरो-हापोली सहित 10 सीटें बिना किसी प्रतियोगिता के जीत चुकी है। एसकेएंम ने 2019 में 24 साल 5 महीने और 15 दिन पुरानी एसडीएफ के मुख्यमंत्री पवन चामलिंग को हराया था। इस तरह से एसकेएम के प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में सरकार बनाई थी।2019 सिक्किम विधानसभा चुनाव में, एसकेएम ने 17 सीटों के साथ बहुमत हासिल किया और प्रेम सिंह मुख्यमंत्री बने। राज्य में मौजूदा एसडीएफ 15 सीटों पर सिमट गई थी। 2014 के सिक्किम विधानसभा चुनाव में एसडीएफ ने 22 सीटें जीतीं और पवन कुमार चामलिंग लगातार पांचवीं बार सीएम बने थे।

**पुलिसकर्मियों को वाहन...**बिलासपुर उप्र चला रहा है। इसी बीच उक्त वाहन तेज गति से हाईवे से आते हुए दिखाई दिया। टीम ने उसे रुकने का इशारा किया तो चालक वाहन भगाकर रुद्रपुर की ओर ले गया । जिस पर पुलिस टीम द्वारा उसका पीछा किया गया। वाहन को गाबा चौक से आगे काशीपुर रोड़ फ्लाई ओवर के मध्य घेर लिया व हेकानि. भुवन पाण्डेय व कानि. विनोद खत्री ने वाहन में बैठे लोगों को उतरने को कहा तो वाहन चालक ने पुलिस के निजी वाहन के बोनट को टक्कर मारकर तेजी से जान से मारने की नियत से पुलिस वालो के ऊपर चढाने का प्रयास किया जिस कारण भुवन पाण्डेय के बाये हाथ में जान बचाने के चक्कर में चोट लग गई। कार सवार वाहन को गाबा चौक से गल्ला मण्डी की तरफ ले गये। पुलिस टीम भी इनके पीछे-पीछे गल्ला मण्डी पहुंची । तो कार चालक जसकरन तथा कार में बैठे अन्य दो व्यक्ति अन्धेरे का फायदा उठाकर वाहन छोड़ मौके से फरार हो गये। जिनकी हमारी टीम द्वारा रेलवे स्टेशन, बस अड्डा आदि सभी सम्भावित जगहों पर तलाश की गई किन्तु इनका कहीं पता नहीं चल पाया।

**हत्यारोपी भाजयुमो नेता दीपक ...** रपट में गौरी शंकर पुत्र फकीरी चन्द राठौर निवासी जेपीनगर जनपथ रोड फुलसुंगा ट्रांजिट कैम्प ने कहा है कि उसके मामा तोताराम पुत्र जागन लाल निवासी आजादनगर ट्रांजिट कैम्प मे अपने परिवार के साथ रहते थे । जिनके दीपक व सुमित दो बेटे हैं। नशे के कारण पिता पुत्र मे रोज लडाई झगडा होता रहता था। एक जून को वह ग्रीन प्लाई कम्पनी सिडकुल पन्तनगर मे कार्य कर रहा था उसे सूचना मिली कि उसके मामा तोताराम को पुत्र दीपक राठौर ने सुबह चाकू मारकर हत्या कर दी है। पुलिस ने दीपक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**एग्जिट पोल: उत्तराखण्ड की ...**मुताबिक देश भर में भाजपा 305 से 315 सीटों के साथ बहुमत हासिल कर सकती है और कांग्रेस 62-72 सीटें जीत सकती है। कुछ एग्जिट पोल की मानें, तो एनडीए लोकसभा चुनावों में 355 से 370 सीटें जीतकर बहुमत हासिल करेगा, जबकि विपक्षी नेतृत्व वाला 'इंडिया' गठबंधन 125 से 140 सीटें जीत सकती है। बीजेपी उत्तराखण्ड, गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान और कर्नाटक में भारी जीत दर्ज कर सकती है। इसके अलावा, बीजेपी का तमिलनाडु और केरल में भी खाता खुलने की संभावना है, जबकि दोनों राज्यों में अधिकतम सीटों पर 'इंडिया' ब्लॉक अपना परचम लहरा सकती है। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गुट के बीच सीधी लड़ाई देखी गई है। सत्तारूढ़ भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार सत्ता मिलने की उम्मीद है। जहां बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए ने इस चुनावी सीजन में '400 पार' का नारा दिया, वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को भविष्यवाणी की कि 'इंडिया' ब्लॉक कम से कम 295 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी। लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले 'इंडिया' गठबंधन के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिला है। सत्तारूढ़ भाजपा को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरे कार्यकाल की उम्मीद है। विभिन्न मीडिया घरानो एवं न्यूज एजेंससियों द्वारा किये गये अबकी बार फिर मोदी सरकार के दांवों में कितनी सच्चाई है इसका पता आगामी चार जून को लगेगा।

**खेत में मामा भांजे की...**गया था जिसकी चपेट में आकर दो लोगों की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही दिनेशपुर थाना पुलिसकर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे और उन्होंने दोनो शव अपने कब्जे में लेकर वहां खड़े लोगों से घटना की जानकारी ली। जहां बताया गया कि दोनों टयूबवैल में नहा रहे थे इसी दौरान उन्हें करंट लग गया और उनकी मौत हो गई । बताया जाता है कि मृतक राज बिहारी के परिवार में उसकी पत्नी दो पुत्र विजय व संजीव तथा दो विवाहित पुत्रियां लता व पूजा हैं जबकि मृतक मनीपद के परिवार में उसकी पत्नी व दो पुत्र अमित व विष्णु हैं। दोनों ही परिवारों में कोहराम मचा है।

**भाजपा नेता की दबंगई...**तथा उक्त लोग उसे गालियां देने लगे। जब उसकी पत्नी बाहर आई तो भाजपा नेता ने उस पर ईंट फैककर मारी जो पत्नी के पेट में लगी। उक्त लोग जबरदस्ती उसके घर में घुस आये और गालियां देते हुये मारपीट करने लगे। शोर की आवाज सुनकर पास-पड़ोस के लोगो को इकट्ठा होता देख भाजपा नेता ने घर से निकलते हुये बाहर हवाई फायर किया तथा जान से मारने की धमकी देते हुये सभी चले गये। उक्त घटना पड़ोस के घरो में लगे सीसीटीवी कैमरो में कैद हो गई है। उसने बताया उक्त घटना के बाद से वह व उसका परिवार काफी डरा व सहमा हुआ है तथा उन्हें जान-माल का खतरा बना हुआ है। इधर पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# तबीयत बिगड़ने के बाद लोनिवि कर्मचारी का निधन

बागेश्वर(उद संवाददाता)। लोनिविविभाग में तैनात कर्मचारी अपने सरकारी आवास में बेहोशी की हालत में मिले।जब मृतक की पत्नी ने उन्हें जगाने का प्रयास किया तो उनके द्वारा कोई भी संकेत नहीं दिया, जिसके बाद मृतक की पत्नी पति के द्वारा कोईभी शारीरिक गतिविधि नही करने पर पत्नी ने अपने पड़ोसियों को बुलाकर पति की स्थिति की जानकारी दी, जिसके बादआस पड़ोस के लोग बेहोश हुए कर्मी को जिला अस्पताल लाए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरा।पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला हार्ट अटैक का माना जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 32 वर्षीय भगवान सिंह पुत्र सर्वजीत सिंह निवासी कांडा किरोली बेरीनाग जिला पिथौरागढ़ बागेश्वर लोनिवि में वरिष्ठ सहायकके पद पर तैनात थे। वह परिवार के साथ अपने सरकारी आवास में रहते थे। शुक्रवार की रात वह खाना खाकर सो गए। शनिवार की सुबह जब देर तक नहीं उठे तो पत्नी ने उन्हें उठाने का प्रयास किया, लेकिन वह बेहोश थे। परिजन आस- पड़ोस के लोगों को बुलाकर उन्हें अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचनामा भरा। पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक का एक बेटा और एक बेटी है। प्रभारी कोतवाल संजय बृजवाल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हार्ट अटैक का लग रहा है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का असली कारण का पता चल पाएगा।

# विश्व स्तरीय लेजर रन चैंपियनशिप में उत्तराखंड के चार खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग

काशीपुर। चीन में होने वाली विश्व स्तरीय लेजर रन चैंपियनशिप में उत्तराखंड के चार खिलाड़ी प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसके लिए 5 जून को खिलाड़ी रवाना होंगे। 6-10 जून तक झोंगझोऊ चीन में मॉडर्न मेंटाथलॉन लेजर रन विश्व स्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन होगा। इसमें उत्तराखंड से रामनगर निवासी नंदन सिंह नेगी, काशीपुर निवासी सक्षम प्रताप सिंह, देहरादून निवासी सुनीता चौहान, बागेश्वर निवासी ममता खाती प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। मॉडर्न पेंटाथलॉन एसोसिएशन उत्तराखंड सचिव दयाल सिंह ने बताया कि 2-4 जून तक पनवेल मुंबई में विश्व चैंपियनशिप शिविर में प्रदेश की टीम लेजर रन से संबंधित बारिकियां सीखेंगी। 5 जून को टीम झोंगझोऊ के लिए रवाना हो जाएगी। एसोसिएशन अध्यक्ष पंकज भल्ला, सचिव दयाल सिंह फर्स्वाण, शिखा गौतम, गोपाल सिंह आदि ने टीम को बधाई दी

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


गुरु माँ
A.C. चाहिए
Guru Maa Electronics आइये
घर ले जायें AC
मात्र 1 रुपये में*
आज ही डिलीवरी आज ही इंस्टालेशन
SBI
CASH BACK UPTO 5%*
BAJAJ FINSERV
CASH BACK WEEKEND UPTO 7500*
आधार लाये उधार ले जाइये
VOLTAS
DAIKIN
MITSUBISHI ELECTRIC
AMSTRAD
HITACHI
Carrier
SAMSUNG
BLUE STAR
IFB
Whirlpool
LLOYD
रुद्रपुर-काशीपुर बाईपास रोड I Mob: 9927882338